छत्तीसगढ़ के विमुक्त अनुसूचित जाति नट एवं उनके खेल-तमाशा का नृजातिवृतांतात्मक अध्ययन

हेमन्त कुमार[1]
डॉ.जितेन्द्र कुमार प्रेमी[2]
[1]**शोधछात्र,** मानवविज्ञान अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
[2]**ऐसोसिएट प्रोफेसर,** मानवविज्ञान अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
Email ID: joshi9926124815@gmail.com, Email ID: jitendra_rsu@yahoo.co.in
M.N.-8103866976, 9399838938

सारांश:-

निम्न आलेख ''छत्तीसगढ़ के विमुक्त अनुसूचित जाति नट एवं उनके खेल-तमाशा का नृजातिवृतांतात्मक अध्ययन'' पर आधारित है। निम्न अध्ययन का उददेश्य नृजाति समूह 'नट' के सामाजिक-आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन करने के साथ-साथ नृजाति समूह 'नट' के खेल-तमाशा पर आधुनिकता के प्रभाव का अध्ययन करना था। 'नट' संस्कृत शब्द के 'नाट' से लिया गया शब्द है जो न+ट दो शब्दों से मिलकर बना है। जिसका अर्थ नृत्य, नाटक अथवा अभिनय करना रहा है। नृजाति समूह 'नट' को छत्तीसगढ़ राज्य में "डंगचगहा'' के नाम से पहचाना (जाना) जाता है। "डंगचगहा'' शब्द मुख्य रूप से दो शब्द डंग+चगहा से मिलकर बना है। 'डंग' का अर्थ "बाँस'' से है और "चगहा'' का अर्थ "चढ़ना'' से है अर्थात् बाँस के सहारे रस्सी पर चढ़कर विभिन्न प्रकार के खेल-तमाशा, करतब दिखाने से है। **भारत सरकार की जनगणना 2011**[1] के अनुसार नट, कालबेलिया, सपेरा, नवदिगार, कुबुतर की कुल जनसंख्या 486058 थी। **NCDNST, 2008**[2] के अनुसार दक्षिण एशिया में विश्व के सर्वाधिक घुमन्तु/अर्धघुमन्तु नृजाति समूह निवास करती है। जिसमें से लगभग पाँच सौ प्रकार के विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु आपराधिक जाति-जनजाति भारत में निवास करती है जो भारत की जनसंख्या का सात प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। प्रस्तुत अध्ययन से पता चलता है कि छत्तीसगढ़ के विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु 'नट' जाति का सामाजिक-आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक स्थिति अन्य जाति समूहों के अपेक्षा निम्न स्तर पर है। नृजाति समूह 'नट' के खेल-तमाशा पर आधुनिकता का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पहले 'नट' जाति में खेल-तमाशा परम्परागत रूप से ढ़ोल, थाली, डमरू, कुत्ता, बन्दर इत्यादि के माध्यम से खेल-तमाशा करते थे। लेकिन वर्तमान समय में आधुनिक साऊड बॉक्स, नवीन गीत-संगीत के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के नवीन खेल-तमाशा, सर्कस करने लगा है। अर्थात् नृजाति समूह 'नट' अपनी परम्परागत खेल-तमाशा को धीरे-धीरे बिसराने (भूलने) लगा है।

कुंजीशब्द:- छत्तीसगढ़, नृजाति समूह नट, विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति, खेल-तमाशा।

प्रस्तावना:- भारत विभिन्नताओं का राष्ट्र है। विभिन्नताओं से भरा राष्ट्र का निर्माण विभिन्न प्रकारों के भाषा-बोली के आधार पर किया गया है। जैसे मराठी भाषा-बोली बोलने के कारण महाराष्ट्र, तेलगू बोलने के कारण आन्धप्रदेश, तेलंगाना उसी प्रकार से छत्तीसगढ़ही बोली बोलने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य को छत्तीसगढ़ के नाम से जाना जाता है। छत्तीसगढ राज्य अपनी राज्य सम्पदा खनिज, लौह, धान, जाति-जनजाति, घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजाति, रीति-रिवाज, परम्पराओं इत्यादि के लिए अन्य राज्यों से भिन्नता रखते हुये अपना अलग पहचान रखता है। छत्तीसगढ राज्य में लगभग 42 प्रकार के जनजातियाँ निवास करती है, जिनमें से 7 प्रकार के विशेष पिछड़ी जनजाति भी शामिल है। इस जाति-जनजातियों की श्रेणी में विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु 'नट' (डंगचगहा) जाति भी छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 13 जिलों (रायपुर, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बिलासपुर, बेमेतरा, कबीरधाम, नांदगांव, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार, रायगढ़, धमतरी, बालौद) में निवासरत है।

नृजाति समूह 'नट' जिसे घुमन्तु/अर्धघुमन्तु आपराधिक जाति-जनजाति, खानाबदोस जीवन जीने वाला भारत के अत्यन्त प्राचीन जाति के रूप में जाना जाता है। इसका मुख्य कार्य विभिन्न प्रकार के कलाबाजी, खेल-तमाशा, भिच्छावृत्ती के साथ-साथ जड़ी-बूटी, ताबीज बेचना भी है। प्रारम्भ में इस नृजाति समूह को जनजातियों के श्रेणी में गिना जाता था। लेकिन वर्तमान समय में इसे छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जाति के अन्तर्गत शामिल किया गया है और इसी के आधार पर इसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। छत्तीसगढ़ राज्य में 'नट' जाति को घुमन्तु/अर्धघुमन्तु विमुक्त जाति के रूप में जाना जाता है। घुमन्तु विमुक्त जाति-जनजाति क्या है? घुमन्तु एवं विमुक्त जाति-जनजाति को अग्रेंजी में नोमाडिक ट्राईब्स कहते है और आपराधिक जाति-जनजाति को डी-नोटीफाईड ट्राईब्स कहते है। वर्ष 1952 को आपराधिक जनजाति का नाम बदलकर डी-नोटीफाईड किया गया। अर्थात् विमुक्त आपराधिक कानून से मुक्त होना या किया गया। तब से लेकर वर्तमान समय तक 'नट' जाति एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर घुम-घुम कर अपनी शारीरिक कलाबाजी, खेल-तमाशा दिखाते हुये अपना जीवन निर्वाह कर रहा है। नृजाति समूह खेल-तमाशा के साथ-साथ भिच्छावृत्ती, जड़ी-बूटी, ताबीज बनाकर बेचने के साथ-साथ वर्तमान समय में जो नृजाति समूह स्थायी रूप से बस (निवास) गये है वह अब कृषि, मजदूरी एवं व्यापार भी करने लगा है। जिसके कारण से बहुत से नृजाति समूह 'नट' अपने पैतृक कार्य खेल-तमाशा, कलाबाजी, सर्कस दिखाने के कला को भूलने लगा है। वहीं जो नवीन युवावर्ग खेल-तमाशा दिखा भी रहे है तो वह अपनी पैतृक खेल-तमाशा में नवीन बदलाव/परिवर्तन कर विभिन्न प्रकार के खेल-तमाशा नवीन आधुनिक साऊड बॉक्स, गीत-संगीत, हाथ की सफाई (जादू) करतब का प्रयोग करते हुये खेल-तमाशा दिखा रहे है। नृजाति समूह 'नट' में युवावर्ग अन्य समाजों के बीच अत्यधिक सम्पर्क में आने (रहने) के कारण वह उनकी तरह उनके सांरकृतियों को अपनाने लगा है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण हमें 'नट' समाज के बच्चों पर देखने को मिल जायेगा। वर्तमान समय में बहुत से 'नट' समाज के बच्चे अपने पैतृक खेल-तमाशा, भिच्छावृत्ती के कार्य को करने से संकोच (शरमाते) करने लगा है। वह दूसरे बच्चों के सामान पहनावा कपड़ा, रहन-सहन, खान-पान, बोलचाल, शिक्षा, रोजगार को प्राप्त करने का प्रयाय करने लगा है। इस प्रयास के परिणाम स्वरूप ही आज 'नट' समाज के बहुत से बच्चे अब उच्च शिक्षा लेकर कोई शिक्षाकर्मी है तो कोई पुलिस, सैनिक तो कुछ युवावर्ग अपनी खुद के व्यापार भी करने लगा है। छत्तीसगढ़ राज्य के नृजाति समूह 'नट' वर्तमान समय में हिन्दूओं के अत्यधिक सम्पर्क में आने या रहने के कारण वह अब लगभग पूर्ण रूप से हिन्दू धर्म को मानने लगा है या यू कहे की यह अपने आप को हिन्दू मानने लगा है। वह अब हिन्दू धर्म के देवी-देवताओं की पूजा-पाठ, तीज-त्यौहार को भी मनाने लगा है। हालांकि हिन्दू धर्म के लोग इनके साथ आज भी कही न कही अस्पृश्यता जैसे व्यवहार करते है। आज भी बहुत से हिन्दू लोग इनके हाथों से दिया हुआ खाना, खाना पंसद नहीं करते और गांवों में दूसरे जाति के लोग इसे अपने साथ बैठाकर खाना-पिलाना भी पंसद नही करते। यदि गांव में किसी दूसरे जाति के यहा खाना के लिए निमंत्रण दिया भी जाता है तो इसे अलग से सूखा चावल, दाल, सब्जी पकाने के लिए दिया जाता है। वह अपने हाथों से अपने बर्तन में या अलग से दिये हुये बर्तनों में अलग से चूल्हा में बनाकर (पका) खाते है। इसे आज भी अस्पृश्य, आपराधिक जाति के रूप में देखते है या मानते है। इसी के परिणाम स्वरूप नृजाति समूह 'नट' आज भी गांव/शहरों में मुख्य गांव से कुछ दूर अपना 'डेरा' (निवास) बनाते या लगाते है। और नृजाति समूह अपने सामाजिक नियमों का पालन करते हुये जीवन गुजार रहे है।

नृजाति समूह 'नट' छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 13 जिलों में निवासरत है। सन 1930 में "डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने अपने 'हु वेअर अनटचेबल' ग्रंथ में विमुक्त आपराधिक जनजातियों की जनसंख्या 50 लाख बताई है। (**धारासुरे 2020, पृ. 25**)[3]'' **सामाजिक जनगणना 2014**[4] के अनुसार नट, कालबेलिया, सपेरा, नवदिगार एवं कुबुतर की कुल जनसंख्या 486058 थी। **NCDNST, 2008** के अनुसार भारत में लगभग पाँच सौ प्रकार के विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजाति निवास करती है जो भारत की जनसंख्या का सात प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। भारत में सात प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला जाति-जनजाति आज तक विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजाति के रूप जाना जाता है क्यों? वर्तमान समय में भी अन्य जाति-जनजातियों से भी क्यों पिछड़ा हुआ हैं? देश के कुल जनसंख्या का 7 प्रतिशत भाग का प्रतिनिधित्व करने

वालों का एक भी जनप्रतिनिधि किसी आयोग में सदस्य, मंडल, नेता, सांसद, विधायक क्यों नहीं हैं? घुमन्तु जाति-जनजाति लगभग सभी क्षेत्रों में अति पिछड़ा हुआ है तो क्यों नही इन्हे विशेष आरक्षण, अलग से आयोग क्यों नहीं बना हैं? इत्यादि जैसे प्रश्नों को हम देखे तो पता चलता है कि नृजाति समूह के सामाजिक-आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक स्तर निम्न होने के पीछे कहीं न कहीं हमारी सरकार एवं सरकार के प्रतिनिधि नेता, कानून, कर्मचारी के साथ-साथ खुद नृजाति समूह भी कहीं न कहीं जिम्मेदार दिखाई पड़ता है। वर्तमान समय में सरकार नृजाति समूह 'नट' को छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग के अन्तर्गत शामिल कर आरक्षण का लाभ दे रहा है। लेकिन नृजाति समूह में शिक्षा का स्तर बहुत ही निम्न होने के कारण से बहुत से नृजाति समूह सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते है। वर्तमान समय में शैक्षणिक स्तर का निम्न होने के लिए ऐ खुद जिम्मेदार है मालूम पड़ता है क्योकि ऐ लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाने के समय में इन्हें खेल-तमाशा, करतब, सर्कस दिखाने के लिए अपने साथ दूसरे प्रदेश ले जाते है। नृजाति समूह में माता-पिता अपने छोटे बच्चों का उपयोग लगभग 05-14 वर्ष के आयु तक के बच्चों का उपयोग खेल-तमाशा के लिए करते है। फिर बच्चों का 14-16 साल के कम आयु में ही अधिकांश का शादी कर देते है। इस तरह से वह बच्चा पढ़ नही पाता है। सरकार एवं सरकार के जन प्रतिनिधि नेता विधायक चुनाव के समय इनके लिए बड़े-बड़े लुभावने वादा जैसे नृजाति समूह के लिए अलग से आयोग बनाया जायेगा, विशेष आरक्षण दिलाया जायेगा, सामाजिक-आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए विधानसभा राज्यसभा में नृजाति समूह का प्रतिनिधि होगा जो नृजाति समूह का प्रतिनिधित्व करेगा इत्यादि वादा करते है और चुनाव के बाद किये गये वादा को भूल जाता है या वादा से मुकर जाता है। इस कारण से नृजाति समूह के लोगों में राजनैतिक नेता, सरकारी प्रतिनिधि, कर्मचारियों के ऊपर से विश्वास उठ चूका है। और कुछ नृजाति समूह के लोग चुनाव के समय वोट देने भी नही जाते है। इस तरह से नृजाति समूह खुद एवं सरकारी प्रतिनिधि कहीं न कहीं नृजाति समूह के पिछड़े पन के लिए जिम्मेदार है।

विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजातियों की वर्गों को देखे तो यह अनेक वर्गों में बटा हुआ हैं। जिसकी परिपूर्ण जानकारी हमारे सरकार के पास भी नहीं है न जानकारी लेने का सामाजिक कर्तब्य भी आज तक किसी सरकार ने पूरा नहीं किया है। ऐ सिर्फ अपने हित के लिए मतदाता सूची में विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजातियों को जोड़ा है। जिनमें उनका राजनीतिक स्वार्थ है। (**धारासुरे, 2020 पृ.25**) छत्तीसगढ़ राज्य के विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजातियों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक स्थिति की सही मायने में देखे तो आज भी मुख्य विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु समूहों की जीवन स्थिति बहुत ही दयनीय स्थिति में है। इनकी दयनीय स्थिति को सुधारने के लिए आरक्षण का लाभ सर्वप्रथम इस वर्ग को दिलाने के लिए कार्य करना चाहिए।

सामाजिक-आर्थिक स्थिति छत्तीसगढ़ राज्य जो अपनी विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजाति एवं सांस्कृतिक विभिन्नताओं के लिए जाने जाते है। यहाँ अनेक प्रकार के घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजातियाँ जो जंगलों, पहाड़ो, मैदानी, ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में निवासरत है। 'नट' जाति प्रमुख रूप से अर्धघुमन्तु जाति है। जिनका जीवन हमेशा एक स्थान से दूसरे स्थान भटकते हुये चल रहा है। इस भटकन के कारण इसे घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति के नाम से जानते है। दूसरे स्थान पर भटकना इनका मजबूरी भी है क्योकि इनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। किसी कारण वंश जिस दिन खेल-तमाशा नही दिखा पाते उस दिन कभी कभार भूखे पेट ही सोना पड़ता है। न इनके पास खुद के कृषि जमीन है न खुद के व्यापार। इनके पास मात्र इनकी परम्परागत व्यवसाय खेल-तमाशा, भिच्छावृत्ती है जिसके सहारे यह अपना और अपने परिवार के पालन पोषण करते आ रहे है। देखा जाये तो 'नट' जाति अन्य जाति समूहों के सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से बहुत पिछड़ा हुआ है।

नट जाति का क्षेत्र एवं निवास:- छत्तीसगढ़ राज्य में 'नट' जाति मुख्य रूप से जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, मुगेली, रायपुर, धमतरी, बेमेतरा, कबीरधाम, कर्वधा, नांदगांव, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार, रायगढ़, बालौद इत्यादि जिलों में निवासरत है। तो वही (**निरगुणे, 2017 पृ.70-71**)[5] के अनुसार 'नट' नृजाति समूह सम्पूर्ण उत्तर भारत में खासकर पश्चिम भारत में निवास करते है। राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य को नटों का गढ़ कहाँ जाता है। राजस्थान के कलंदर जाति को मूलतः

नट ही मानते है। उसी प्रकार के गुजरात में 'थाउस' एवं महाराष्ट्र में 'गोड़ हाली' जो 'नट' का काम करते है। इनके निवास मुख्यता बाँस और कपड़ो से बना रहता है। तथा कुछ वर्तमान समय में त्रिपाल से अपना झोपड़ी, डेरा बनाने लगा है। ऐ अधिकांश रूप से 5-10 लोगों का समूहों में निवास करते है जो एक-एक सूत्र में बँधे रहते है। किसी पर विपत्ति आने पर ऐ एक-दूसरे की मंदत के लिए हमेशा समूह में अपना डेरा निवास डालते या बनाते है। प्रस्तुत अध्ययन के दौरान देखा गया है कि वर्तमान समय में बहुत से 'नट' जाति अर्धघुमन्तु में बदल गये है। वह अब छत्तीसगढ़ में अपना स्थायी निवास बनाकर रहने लगा है। वह कुछ माह समय के लिए खेल-तमाशा, भिच्छावृत्ती के लिए दूसरे प्रदेश जाते है और कुछ माह बाद अपना स्थायी निवास गांव में वापस आ जाते है। और पुनः कुछ माह आराम करने के बाद खेल-तमाशा दिखाने के लिए (युवावर्ग, शादीशुदा महिला पुरूष) चले जाते है जो वृद्ध या शिक्षा ग्रहण कर रहे है वहीं मात्र स्थायी निवास गांव में रहता है जो छोटा-मोटा दुकान या सुवर, बकरी, मुर्गी-मुर्गा पालन करते हुये घरों का देख भाल करते हुये अपना जीवन बसर कर रहे है।

शारीरिक बनावट एवं वस्त्र विन्यास:- नृजाति समूह 'नट' का शारीरिक बनावट मुख्यता चुस्त-दुरूस्त, फुर्तीला, अत्यधिक लचीला और शारीरिक रूप से मजबूत होता है। छत्तीसगढ़ राज्य में निवासरत 'नट' जाति अन्य जाति-जनजातियों से मिलता जूलता प्रायः सांवला, काला, तीक्ष्ण नाक, काले लम्बे बाल (केस) मुलायम, कान मध्यम, आँख सामान्य, पुतली काला, भौव काला, हाथ-पैर एवं उँगली सामान्य, कद-काठी मध्यम, पुरे शरीर पर हल्का काला भुरे बाल पाया जाता है। पुरूष सिर के बालों को हमारे तरह सामान्य तौर से कंघी करते है वहीं महिलाओं में एक चोटी रहता है तो छोटे बच्चे व कुवारी लड़कियों का बाल दो चोटी कंघी किये हुये मिल जायेंगा। महिलाये पुरूषों की अपेक्षा अधिक चुस्त फुरर्त, सुडौल, सुदृढ़ और सुन्दर होते है। छोटे बच्चों (लडकी, लड़का) को बचपन से ही खेल-तमाशा (डांग) चढ़ने की अभ्यास कराया जाता है और वह उस कला में पारंगत हो जाये रहता है। छोटे लड़की-लड़का खेल-तमाशा दिखाते है तो वहीं बडे पुरूष ढ़ोल थाली बजाने के साथ-साथ साऊड बॉक्स के माध्यम से दर्शकों को सम्बोधन करते रहता है।

वस्त्र विन्यास में पुरूष मुख्यता पैट-शर्ट, कमीज, लुंगी, धोती, सिर पर साफा बाँधे रहता है तो वहीं युवावर्ग वर्तमान समय में टी-शर्ट, जींस, केफरी, पैट-शल्ट के साथ बेल्ट, चश्मा, घंडी, अंगुठी, बाली पहनने के साथ-साथ मोबाईल फोन भी रखने (पकड़ने) लगा है। नृजाति समूह नट में शादी के समय पुरूष (वर) का वस्त्र मुख्य रूप से सफेद पैट शर्ट हुआ करता था लेकिन वर्तमान समय में अब सामान्य कोई भी कलर का पैंट, शर्ट, जींस पहनने लगा है तो वही महिलाओं में शादी के समय सामान्य लाल, गुलाबी, पीला साड़ी पहनते है। महिलाए सामान्य दिनचर्या के समय साड़ी, ब्लाऊज, लहंगा, पेटीकोट पहनते है तो वहीं छोटी लड़की या कुवारी लड़की सलवार सूट, कमीज, कुरती, घाघरा, टी- शर्ट, जींस, फ्रॉक इत्यादि पहनते है। नृजाति समूह में अधिकांश लोग प्रायः नंगे पैर चलते है। खासकर अपने डेरा/घर में बाकी समय चप्पल, जूता एवं सेन्डील का उपयोग करते है। (**निरगुणे, 2017**)

परिवारिक संरचना एवं नृजाति पंचायत:- नृजाति समूह में अधिकांश रूप से एकल परिवार का प्रचलन अधिक है। विवाह के पश्चात् लड़का/पुत्र अपना अलग से निवास/डेरा बनाकर अपने परिवार के साथ अलग खाने लगता है। प्रस्तुत अध्ययन में पाया गया की जब स्थायी मकान/घर बड़ा हो तो वह किसी एक कमरा में अपने परिवार के साथ रहते हुये अलग से चूल्हा जलाकर खाता है। लेकिन परिवार बड़ा हो और मकान छोटा तो उस स्थिति में अपने माता-पिता, भैय्या-भाभी, बहन-दमाद अन्य रिश्तेदार के घर के निकट अपना नया घर/डेरा बनाकर अलग रहने लगता है। 'नट' जाति में वंश परम्परा पितृसत्ता का प्रचलन है तथा परिवार का मुखिया बड़े पुरूष होते है। पिता की सम्पत्ति बेटा को मिलता है। किन्तु परिवार में बेटा/पुत्र न हो तो उस स्थिति में परिवार की संपत्ति लड़की को मिलता है।

नृजाति समूह में जाति पंचायत का मुखिया वृद्ध पुरूष या समझदार शादीशुदा 40-60 वर्ष के आयु वर्ग के पुरूष होता है। छत्तीसगढ़ के 'नट' जाति समूह में 12 गांव का एक पाली अर्थात् बारापाली का एक मुखिया होता है, जिसका चुनाव सर्वसम्मति से होता है। इनके सहयोग के लिए चार पंच का चुनाव भी सर्वसम्मति से होता है। लेकिन प्रत्येक गांव में भी नृजाति

समूह का मुखिया भी पारा/मोहल्ला अनुसार जितना पारा/मोहल्ला होगा या होता है, उतना मुखिया पारा/मोहल्ला का रहता है। इनका चुनाव गांव एवं पारा के सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से किया जाता है। नृजाति समूह में किसी सामाजिक समस्या, परिवारिक विवाद, व्यक्ति विशेष विवाद इत्यादि सामाजिक समस्या का निराकरण गांव/पारा/मोहल्ला एवं बारापाली के मुखिया मिलकर नृजाति पंचायत में करते है। 'नट' जाति में अधिकांश सामाजिक समस्या, विवादों का निपटारा/फैसला जाति पंचायत में ही हो जाता है। बहुत कम ही विवाद या समस्या को लेकर नृजाति व्यक्ति/समूह थाना-कचहरी तक जाते है। यह अलग बाद है की किसी बड़े विवाद या समस्या हो तो ही नृजाति समूह के लोग थाना-कचहरी तक जाते है। इनकी पंचायत बहुत सक्त होता है। मुखिया का निर्णय सर्वमान्य रूप से मान्य होता है जो नहीं मानता है उसे समाज बिरादरी से बाहर सामाजिक बहिष्कृत कर देते है। जब उसको दिये गये करार, सजा को मानने को तैयार हो जाता है तो उस परिवार/व्यक्ति को पुनः समाज में मिला लिया जाता है।

धार्मिक क्रियाकलाप:- "नृजाति समूह 'नट' अपने धार्मिक देवी-देवताओं के प्रति अत्यधिक विश्वास रखते है। नृजाति समूह में कोई भी सामाजिक परिवारिक एवं धार्मिक कार्य करने से पूर्व (पहले) अपने ईष्ट देवी-देवताओं की पूजा-पाठ पहले करता है फिर काम चालू (प्रारम्भ) करता है। इनका मानना है कि ऐसा करने से देवी-देवता प्रसन्न रहता है और कार्य सही रूप से सफल होता है। नृजाति समूह द्वारा अपने ईष्ट देवी-देवताओं के रूप में मुख्यता चार पूर्वजों (दादो) दादो फरसराम, दादो बकतो, दादो फिरतु एवं दादो घासीदास को मानता है और इनकी पूजा-पाठ करता है। **(नट,2021)**[9]" छत्तीसगढ़ राज्य के अर्धघुमन्तु नृजाति समूह 'नटों' के स्थायी घरों पर प्रायः प्रत्येक घर के आंगन में पूर्वजों के प्रतीक के रूप में एक चबुतरा बना रहता है। इस चबुतरा में त्रिकोण आकार के लाल एवं सफेद रंग के झण्ड़ा लगा रहता है। खडकवाहनी एवं बुडीमाता के झण्ड़ा प्रायः लाल रंग का रहता है तो वहीं सटवाई माता का झण्ड़ा प्रायः सफेद रंग का रहता है। लेकिन प्रस्तुत अध्ययन के दौरान कहीं-कहीं पर वर्तमान समय पर खडकवाहनी एवं बुड़ीमाता के झण्ड़ा सफेद रंग का तो सटवाई माता का झण्ड़ा लाल रंग का भी देखने को मिला है। झण्ड़ा पुराना या फट जाने पर वर्ष में एक बार या 3 साल में तीलसल्ला पूजा-पाठ विधि-विधान से करते हुये खैरा बकरा, बकरी, मुर्गा बलि देकर झण्ड़ा बदला या नया लगाया जाता है। पूजा के लिए नारियल, अगरबत्ती, घी, तेल, धूप, बन्दन, दूबीघास, दूध, चावल, चावल आटा/गेहूँ आटा, गुड़, शराब, दीया, नया झण्ड़ा, बाँस के नया डण्ड़ा, बलि देने के लिए चाकू, तीन मिट्टी के नया ईट या मिट्टी के ढेला, नया बाँस के टोकरी, लाल या सफेद कलर के नया कपड़ा 1-2 मीटर के, मौलीधागा, मिट्टी के बड़ा दीया, लोटा या गिलास, थाली काँच या स्टील के, गांजा/तम्बाकू, चाँदी/सोना के अंगुठी, शुद्वीकरण के लिए अलग गोत्र के एक व्यक्ति, लकड़ी के बॉक्स/सन्दूक (देवखाटली) इत्यादि की जरूरत पड़ती है। वर्तमान समय में नृजाति समूह अन्य जाति-जनजातियों के अधिक सम्पर्क में आने के कारण वह दूसरे धर्मों के देवी-देवताओं के पूजा-पाठ के साथ-साथ उनके तीज-त्यौहार को भी मानने लगा है। नृजाति समूह के अधिकांश घरों में ईष्टदेवी देवताओं के साथ अन्य देवी-देवताओं जैसे- बूड़ीमाता, शंकर, विष्णु, दुर्गा, हनुमान, काली, लक्ष्मी, संतोषी, प्रभु यीशु इत्यादि के आराधना/पूजा-पाठ करते है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में फैले विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु जाति-जनजाति में से कुछ विमुक्त जाति 'नट' मुस्लिम धर्म को भी मानते है वह मुस्लिम रीति-रिवाज अनुसार अपना जीवन निर्वाह कर रहे है, वे मुस्लिम नट कहलाते है।

नृजाति समूह में कोई पितर (श्राद्ध) नही मानते लेकिन मरे हुये वंशजों को देवता मानकर उनका पूजा-पाठ करते है। नृजाति समूह मरे हुये वंश के लोगों को तीन साल में तीलसल्ला पूजा-पाठ कर मिलाते है। तब से मरे हुये वंश के लोग देवता बन जाता है। और उनकी पूजा-पाठ करता है। नृजाति समूह में कोई भी काम तीज-त्यौहार, उत्सव होता है या मनाने से पहले वह अपने पूर्वजों के क्रब में जाकर बन्दन, दीया, अगरबत्ती एवं शराब तरपते (लगाते) है। अधिकांश देवी-देवताओं की पूजा-पाठ कार्तिकमास के एकादशी (देवउठनी) के दिन करते हुये उसे उत्सव के रूप में मनाते है। नृजाति समूह 'नट' के कोई विशेष त्यौहार, उत्सव, पर्व खुद की नही है। वह वर्तमान समय में पूर्ण रूप से हिन्दू देवी-देवताओं के पूजा-पाठ के साथ-साथ उनके तीज-त्यौहार को भी मानते है। या यू कहे की नृजाति समूह 'नट' पूर्ण रूप से हिन्दू हो गया है वह अपने आप को हिन्दू कहते है और इनही के अनुसार विवाह एवं मृत्यु संरकार का कार्यक्रम भी करते है। हालांकि इनके विवाह एवं मृत्यु संस्कार के क्रिया क्रम में कुछ अन्तर

है। विवाह का कार्यक्रम पूर्ण रूप से लड़की के यहाँ लड़का वाले बारात लेकर जाने के बाद लड़की के गांव में ही मंडप लगा कर सभी रीति-रिवाज तेल हल्दी का कार्यक्रम करते है। वहीं मृत्यु में दसगात्र का चलन है उस दिन तीन बकरा बलि के रूप में दिया जाता है। पुरे नृजाति समाज को बकरा भात खिलाते है। लेकिन वर्तमान समय में कुछ 'नट' परिवार में बकरा भात के स्थान पर सादा दाल भात, सब्जी, खीर पूरी खिलाते है।

उत्पत्ति संबंधी मिथक:- नृजाति समूह 'नट' (डंगचगहा) के उत्पत्ति संबंधी न कोई लेख है न कोई इतिहास है। अर्थात् 'नट' जाति की उत्पत्ति इतिहास तथ्यों के आधार पर निश्चित करना संभव नही है। किंवदंती के अनुसार आज से लगभग 310 से 335 ई. में चन्द्रगुप्त के काल में चन्द्रगुप्त अपने दरबार में 'नटों' को गीत-संगीत मंनोरजन करने के लिए रखा था या रखते थे। इससे पूर्व 'नट' जाति के लोग जंगल में रहते थे, जंगलों में जंगली जानवरों के आक्रमण से बचने के लिए पुरा मोहल्ला/डेरा के लोंग एक जगह एकत्र होकर ढ़ोल बजाते हुये विभिन्न प्रकार के करतब करते हुये आग जलाकर रात व्यतीत किया करते थे। इससे पूरी रात गीत-संगीत करते हुये व्यतीत भी हो जाता था और जंगली जानवरों से सुरक्षित भी रह जाते थे। धीरे-धीरे ढ़ोल बजाने और डांग चढ़ने का अभ्यास होता चला गया तो इसे मैदानी इलाको में भरण-पोषण का साधन बना लिया जो आगे चलकर कलाबाजी, खेल-तमाशा दिखाने के कारण इनका नाम 'नट' (डंगचगहा) पड़ा। **निरगुणे, 2017 पृ.73-74**[6] के अनुसार "नट अपने आप को गोंड जनजाति की उपशाखा मानते है। इनमें गोत्र मरावी, नेताम, वायका या उईके इत्यादि होते है। तथा बादी भी गोंड की उपशाखा है जो गोदना गोदने का कार्य के साथ-साथ खेल-तमाशा रस्सी पर चलने, नृत्य करने का काम भी करते है।''

खेल-तमाशा के प्रकार:- नृजाति समूह 'नट' द्वारा वर्तमान समय में दिखाये जाने वाला खेल-तमाशा के प्रकार में मुख्य रूप से दो बाँस के बीच रस्सी बाँधकर खाली पैर रस्सी पर हाथ में 5-6 फिट बाँस या डण्डा लेकर चलना, सायकल रिंग से रस्सी पर चलना, सायकल रिंग में आग लगा कर सिर में रिंग को गोल घुमाते हुये चलना, रस्सी पर सो जाना, रस्सी पर खाली पैर रस्सी को आगे-पीछे जोर से हिलाना, रस्सी पर आग लगा कर गोला चलाना, रससी पर चप्पल पहन कर चलना, रस्सी पर आगे-पीछे चलना, पैर पर थाली लगा कर रस्सी पर चलना, चश्मा पहन कर रस्सी पर चलना, सिर में 5-10 लोटा लेकर रस्सी पर चलना, दोनो घुटना पर थाली लगाकर रस्सी पर चलना, खेल के जगह जमीन पर आगे-पीछे सीधा-उल्टा पलटना, जीफ के सहारे जमीन पर पड़े सुई को उल्टा होकर उठाना, सीने पर बड़ा से पत्थर रखकर घन के माध्यम से फोड़ना, 5-6 फिट के लम्बे छड़ (रिंग) को गल्ले के माध्यम से मोड़ना, ताश के पत्ते पर हाथ की सफाई दिखाना, गीत-संगीत पर ढ़ोल बजाते हुये डांस करना इत्यादि प्रकार के खेल-तमाशा, करतब नृजाति समूह 'नट' द्वारा किया/दिखाया जाता है।

अध्ययन के उददेश्य:- प्रसतुत अध्ययन "छत्तीसगढ़ के विमुक्त अनुसूचित जाति नट एवं उनके खेल-तमाशा का नृजातिवृतांतात्मक अध्ययन'' पर आधारित है। जिसका प्रमुख उददेश्य निम्न लिखित है- (1) नृजाति समूह नट के सामाजिक-आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन करना। (2) नृजाति समूह नट के खेल-तमाशा पर आधुनिकता के प्रभाव का अध्ययन करना रहा है।

शोध प्रविधि:- यह अध्ययन पूर्ण रूप से जहाँ एक ओर से गुणात्मक एवं वर्णात्मक शोध है तो वहीं दूसरी ओर से व्यावहारिक और प्राविधिक रूप से नृजातिवृतांतात्मक अध्ययन भी है। नृजातिवृतांतात्मक अध्ययन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के दो संभाग रायपुर एवं बिलासपुर के तीन जिला रायपुर, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार का चयन नृजाति बहुल के आधार पर सूचनादाताओं का चयन सहभागी अवलोकन अध्ययन के लिए उददेश्यमूलक निदर्शन पद्वति से किया गया है। नृजातिवृतांतात्मक तथ्यों का संकलन के लिए साक्षात्कार निर्देशिका, साक्षात्कार अनुसूची, समूहवार्ता, केन्द्रिय समूहवार्ता तथा वयैक्तिक अध्ययन जैसे गुणात्मक शोध उपकरणों के द्वारा नृजाति समूह के मुखिया, पुजारी, पांरपरिक चिकित्सक, कलाकारों, धार्मिक विशेषज्ञ, वृद्ध महिला-पुरूष जैसे कुंजी सूचनादाताओं का गहन साक्षात्कार के माध्यम से तथ्यों एवं सूचनाओं का संकलन किया गया है।

परिणाम विवेचना एवं निष्कर्ष:- विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु नृजाति समूह 'नट' पर अब तक हुये अध्ययनों से पता चलता है कि "नट' शब्द संस्कृत के 'नाट' शब्द से लिया गया है। जिसका अर्थ या उपयोग घुमन्तु कलाबाजी एवं खेल-तमाशा दिखाने वाले

समूहो के लिए प्रयुक्त होता है ।'' दूसरे शब्दों में देखे तो 'नट' का अर्थ नृत्य, नाटक अथवा अभिनय करने से है । रसेल एंड हिरालाल की धारणा है कि 'नट' शब्द जिसका उद्गम संस्कृत के 'नाट' से हुआ है, वस्तुतः घुमन्तु कलाबाजी, खेल-तमाशा दिखाने वाले समूह के लिए प्रयुक्त होता है जो बाँस के सहारे रस्सी पर चलने या खेल दिखाते है अथवा सांपों को प्रशिक्षित कर उनका तरह-तरह के प्रदर्शन करते है । उसके लिए 'नाट' अर्थात् 'नट' शब्द का प्रयोग किया है । (**निरगुणे, 2017 पृ. 74**) "संस्कृत में 'नट' शब्द का अर्थ 'नर्तक' होता है और नट पारम्परिक रूप से मनोरंजन करने वाला कलाबाजी, बाजीगर थे । **(http://en.wikipedia.org.10/02/2022)**[7]'' **Talib (2019)**[8] के अनुसार "नृत्य, नाटक (अभिनय) करना भी है ।'' इस तरह से हम निष्कर्ष के रूप में पाते है कि जो नृजाति समूह खेल-तमाशा, कलाबाजी, करतब, भिच्छावृत्ती, एक स्थान से दूसरे स्थान घुमन्तु हुये अपना जीवन यापन करता है, जिसका कोई स्थायी निवास न हो उसे विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु नृजाति समूह कहते है । प्रस्तुत अध्ययन से पता चलता है कि छत्तीसगढ़ के विमुक्त घुमन्तु/अर्धघुमन्तु 'नट' जाति का सामाजिक-आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक स्थिति अन्य जाति समूहों के अपेक्षा निम्न स्तर पर है । नृजाति समूह 'नट' के खेल-तमाशा पर आधुनिकता का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है । पहले 'नट' जाति में खेल-तमाशा परम्परागत रूप से ढ़ोल, थाली, डमरू, कुत्ता, बन्दर इत्यादि के माध्यम से खेल-तमाशा करते थे । लेकिन वर्तमान समय में आधुनिक साऊड बॉक्स नवीन गीत-संगीत के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के नवीन खेल-तमाशा, सर्कस करने के साथ-साथ वर्तमान समय में स्थायी बसे नृजाति समूह कृषि मजदूरी एवं व्यापार के साथ युवावर्ग शिक्षा ग्रहण भी करने लगा है । शिक्षा ग्रहण करने के कारण युवावर्ग अपने पैतृक कार्य खेल-तमाशा करने से बहुत से नृजाति युवा कतराने (संकोच करने) लगा है । अर्थात् नृजाति समूह 'नट' अपनी परम्परागत खेल-तमाशा को धीरे-धीरे बिसराने (भूलने) लगा है ।

संदर्भ सूची:-

(1) Census of India.Ministry of Home Affairs, *Government of India. office of the Registrar General & Census Commissioner, India*.2011.censusindia.gov.in. http://censusindia.gov.in /(accessed september 20, 2019).

(2) NCDNST.2008.*National Commission for Denotified, Nomadic and Semi-Nomadic Tribes*.socialjustice.nic.in June 30, 2008.http://socialjustice.nic.in/writereaddata/ UploadFile/ NCDNST2008-v1%20(1).pdf (accessed september 18, 2019).

(3) धारासुरे, व्यंकट.(2020).भारत के विमुक्त एवं घुमन्तू जन-समुदाय.मथुराः जवाहर पुस्तकालय.

(4) नट, अमृतलाल.(2014).छत्तीसगढ़ की घुमन्तु जातियां.रायपुरः सामाजिक जनगणना.

(5) निरगुणे, वसन्त.(2017).मध्य प्रदेश की विमुक्त जातियाँ-जनजातियाँ.दिल्लीः आलेख प्रकाशन.पृ.क्र.70-71.

(6) निरगुणे,वसन्त.(2017).मध्य प्रदेश की विमुक्त जातियाँ-जनजातियाँ.दिल्लीः आलेख प्रकाशन.पृ.क्र.73-74.

(7) http://en.wikipedia.org.10/02/2022.

(8) Talib, MD.(2019).नट समुदाय की स्थितिः एक सामाजिक केस अध्ययन.Journal of Advances & Scholary Researches in Allied Education, 16(6).P.N.2360-2366.

(9) नट, सुरेश कुमार.(2021).अंजोर एक आत्मकथा.मुगेली: बिहारी प्रिंटर्स मुंगेली छत्तीसगढ़. प्रथम संस्करण.

विमुक्त एवं घुमंतु जन समुदाय दशा एवं दिशा

डॉ. आरिफ महात।
सहायक प्राध्यापक एवं हिंदी विभाग प्रमुख,
विवेकानंद कॉलेज, कोल्हापुर(स्वायत्त)
ईमेल- drmahatas@gmail.com
मो. नंबर- 9860857089

सारांश

भारत देश को स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को मिली लेकिन अँग्रेजो द्वारा गोपी गयी इस समुदाय की गुलामी 31 अगस्त 1952 में तक़रीबन 91 साल बाद समाप्त हुई। सन् 1952 तक अंग्रेजी कानून के तहत इन्हें जन्मजात अपराधी माना जाता था। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी ने 11 अप्रैल 1960 को महाराष्ट्र के शोलापुर में सेटलमेंट कॉलोनी में रहने वाले लोगों को 'विमुक्त' कर दिया तब से इस गुनहगार जातियों को 'विमुक्त जनजाति' के नाम से संबोधित किया जाने लगा। इस कानून के चलते घुमंतू जनजातियों ने अपनी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास की भूमि तो खो दी। विडंबना यह है कि अंग्रेजो द्वारा प्रचलित पूर्वाग्रह के आधार पर इन विमुक्त जनजातियों को आज भी सामान्य जन या अभिजात वर्ग द्वारा अपराधीक प्रवृत्ति का माना जाता है। अभिजात वर्ग आज भी इन्हीं आदतन अपराधी मानते हैं इसलिए जब भी कभी नहीं कोई वारदात होती है तो सबसे पहले विमुक्त जनजातियों के लोगों को शक के दायरे में लेकर निशाना बनाया जाता है।

बीज शब्द- विमुक्त, घुमंतु, जन्मजात अपराधी, जनजाति।

भारत देश को स्वतंत्रता दिलाने मे सभी का योगदान रहा है। इसे नकारा नही जा सकता। घुमंतू समुदाय ऐसा ही एक समाज है जो अपने लढाऊ प्रवृत्ती के कारण अंग्रेजों को नाकों तले चने चबवाया है। इस समुदाय ने अपने तरफ से देश को स्वतंत्रता दिलाने में सहयोग दिया है लेकिन आज भी समाज मुख्य धारा से पिछड़ा हुआ है। आजादी के इतने साल बाद भी यह समाज मुख्यधारा में अभी तक आ ही नहीं पाया है और वास्तविक रूप में देखा जाए तो हमेशा भटकने वाला यह समाज अपनी अनगिनत समस्याओं के साथ राजनीतिक उपेक्षा के चलते अभी तक अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्षशील नजर आता है।

घुमंतू का शाब्दिक अर्थ है, 'घुमक्कड़' जो बिना कारण इधर-उधर घूमे। मराठी में घुमंतु के लिए भटके, भटका आदि शब्द प्रचलित हैं, जिसका अर्थ है- जो हमेशा भटकता रहता है, किसी एक जगह पर नहीं टिकता। अंग्रेजी में घुमंतू के लिए शब्द है- Nomade या Nomad यह शब्द ग्रीक के Nomi या Nemo शब्द से विकसित हुआ है। बृहत अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोश में Nomad या Nomade का अर्थ दिया है- "अस्थिरवासी, यायावरी, चलवासी, पर्यटनशील, विचरणशील, भ्रमणप्रिय, घुमन्ता, घुमक्कड, खानाबदोश।" [1] इस इस अर्थ में घुमंतू शब्द का अर्थ ऐसा भी हो सकता है की कोई घुमंतू शौक से, अनुभव लेने को, ज्ञान प्राप्ति हेतु यात्रायें कर सकता है, जिसके लिए खूब पैसा और समय चाहिए। लेकिन यहां घुमंतू शब्द घुमंतू जनजाति के संदर्भ में है। वह विशेष जाति जिनका कोई स्थायी निवास नहीं होता और आजीविका की तलाश में वे एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमा करते हैं। इनका यह घूमना मौज-मस्ती के लिए नहीं बल्कि यह उनकी विवशता है।

कुछ विद्वानों ने घुमंतू जनजातियों को परिभाषित किया है। लक्ष्मण शास्त्री जोशी कहते हैं- "उदरनिर्वाहासाठी निवडलेल्या अगर वाट्यास आलेल्या व्यवसायानिमित्त अथवा उदरनिर्वाहाच्या साधनाच्या शोधात भटकत राहणाऱ्या लोकांना भटके म्हणतात।"[2] मतलब जीने के लिए चुने हुए या परंपरागत अपने हिस्से में आया हुआ काम या फिर जीने के लिए साधनों की खोज में घूमते रहने वाले लोगों को घुमंतू कहा जाता है।

मराठी के विद्वान डॉ नागनाथ कदम जी ने घुमंतू समुदाय की बड़ी सटीक व्याख्या की है। उनके अनुसार-" नाव सांगायला स्वतःचे गाव नाही. राहायला घर नाही. जमिनी सारखे कायम स्वरूपाचे उत्पन्नाचे साधन नाही. उपेक्षित जगणे नशिबी आल्यामुळे पोट भरण्यासाठी कामाच्या निमित्ताने, सतत गावोगाव भटकत असलेल्या कलेच्या आधाराने स्वतःची उपजीविका करणारा लोकसमूह

अनेक वर्षापासून महाराष्ट्रात वेगवेगळ्या जाती-जमातींच्या नावाने जीवन जगताना आढळतो, अशा या लोक समूहाला 'भटके' असे म्हणतात." [3] मतलब जिनके पास अपना कहे ऐसा गांव नहीं। रहने के लिए घर नहीं। खेत जमीन जैसा कोई उधर निर्वाह का पक्का साधन नहीं। नसीब में लिखा उपेक्षित जीवन जिसके चलते पेट की आग बुझाने हर दम गाँव दर गाँव घूमकर भिक्षा माँग या परंपरागत अपनी कला के सहारे उपजीविका चलाने वाला लोकसमुह, अनेक वर्षों से महाराष्ट्र में भिन्न-भिन्न जाति- उपजाति के नाम से जीवनयापन करता हुआ नजर आता है, ऐसे जन समूह को 'घुमंतू' कहा जाता है।

इन परीभाषाओं के आधार पर स्पष्ट होता है की घुमंतू जनजाति के लोग उपेक्षित हैं। जिनका कोई घर बार नहीं। जीवन यापन करने के पक्के साधन नहीं। जो गांव दर गाँव भटकते हैं भिक्षा मांग कर या कला के माध्यम से अपना जीवन जीते हैं। जिंदगी भर भटकते हुए अभिशप्त जीवन जीने के लिए मजबूर इन आदिम जातियों के इतिहास पर गौर करें तो पता चलता है कि इन आदिम जातियों का अपना एक समृद्ध इतिहास है जिसे कहीं ना कहीं नजर अंदाज किया गया है। आज हमारे देश में घुमंतु, अर्ध-घुमंतू, विमुक्त जनजातियों में लगभग 650 जातियाँ तथा 1620 उप-जातियाँ हैं। घुमंतू विमुक्त जनजाति राष्ट्रीय आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण रेणके जी के अहवाल एवं सन् 2011 की राष्ट्रीय जनगणना के अनुसार देश में घुमंतू जनजातियों की आबादी 15 करोड है। जिनमें भारतीय समाज का सर्वाधिक उपेक्षित और पिछड़ा वर्ग है; जिसमें- बेरड़, गोंधळी, बेलदार,कैकाड़ी, गारुड़ी, डवरी गोसावी, धनगर, पाथरवट, कोल्हाटी, गवळी, कालबेलिये, नट, भांड, पारधी, बहुरूपिये, सपेरे, मदारी, कलंदर, बहेलिये, भवैया, बणजारे, गुज्जर, गाड़िया लुहार, सिकलीगर, कुचबंदा, रेबारी, बेड़िया, नायक, कंजर, सांसी जैसी सैकडौं जातियाँ आती हैं।

घुमंतू जनजातियों के संदर्भ में प्रसिद्ध विद्वान वी. राघवय्या अपने ग्रंथ "नोमॅड" में घुमंतू जनजातियों को वर्गीकृत करते हैं। "इसमें वो घुमंतू जनजातियों को चार भागों में विभाजित करते हैं- एक अनाज की खोज करने वाले घुमंतू जनजातियाँ, दो पशुपालन हेतु भटकने वाली जनजातियाँ, तीन छोटे छोटे व्यापार करने के लिए भटकने वाली जनजातियाँ और चार भीख मांगने वाली जनजातियाँ।"[4] राघवय्या जी ने सिर्फ भ्रमण करने वाली जनजातियों को ही वर्गीकृत किया है। अपने ग्रंथ "भारत की यायावर" में डॉ श्यामसिंह शशि ने घुमंतू जनजातियों को पांच श्रेणियों में विभाजित किया है- एक पशुपालक जातियाँ, दो पेशेवर यायावर, तीन अपराधी यायावर, चार व्यापारिक यायावर, भिक्षुक यायावर।"[5] इसके साथ घुमंतू जनजातियों में देवी देवताओं की पूजा कर भिक्षा मांग कर जीने वाले, अपनी परंपरागत कला को सादर कर जीवन यापन करने वाले, शिकार कर उधर निर्वाह करने वाली जनजातियां आदि का भी समावेश है।

क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट और घुमंतु जनजातियाँ

इन आदिम जातियों का अपना समृद्ध इतिहास रहा है। इनमें से कई जनजातियाँ देश के विभिन्न संस्थानों में स्वराज्य स्थापना हेतु सक्रीय भूमिका में रहे है। उदाहरण के तौर पर गोंधळी समाज ऐसा है जिसने स्वतंत्र्य पूर्व काल में हेरगिरि के माध्यम से छत्रपती शिवाजी महाराज के स्वराज्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। शुरू में युद्ध में खजाना लूटा जाता। इस लुटे हुए खजाने को छप्परबंद समाज पिघलाकर सिक्के बनाता और अपने राजा को देता। सन् 1862 के बाद अंग्रेजी हुकूमत ने परंपरागत सिक्कों के चलन को बंद कर अपना नया चलन शुरू किया जिसके चलते छप्परबंद समाज का परंपरागत सिक्के बनाने का काम बंद हो गया। इसके चलते उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत की। उन्होंने अंग्रेजी द्वारा बनाए गए चलन के सिक्कों का नकल कर उसे चलन में लाया। जिससे अंग्रेजी हुकूमत परेशान हो गई। इन आदिम जातियों की ओर से की जाने वाली बगावत को सामना करने में असमर्थ हो रहे थे। सन् 1860 में भारत को रानी विक्टोरिया ने अपने अधीन कर लिया। तब उन्होंने छप्परबंद समाज के नकली सिक्कों के चलन को दूर करने के लिए चलन में नोट का प्रचलित किया और छप्परबंद समाज को अपराधी करार दिया।

सन 1871 में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत बहुत सारी लडाकू जनजातियों को क्रिमिनल ट्राइब या अपराधी जनजातियों के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। गुनहगार जनजाति कानून बिल को स्पष्ट करते हुए स्टीफन का कहना था- "भारत में हर एक जाति जनजाति का अपना धंधा तय हुआ है यह धंधा वंश परंपरागत होता है यह लोग

शुरू से अंत तक गुनहगार ही रहेंगे इनकी जाति का यह धंधा होने के कारण इसमें सुधार होने की कोई संभावना नहीं है इतना ही नहीं गुनाह करना इनका धर्म है।"[6] भारत मे इन जनजातियों को जन्मजात अपराधी घोषित किया गया। यह कानून घुमंतु समुदाय में काले कानून के नाम से भी जाना जाता है। इसमें भारत की तकरीबन 198 और महाराष्ट्र की 42 जातियों को गुनाहगार की श्रेणी में रखा गया। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करनेवाली इन समुदायों की संतानों को भी जन्मजात अपराधी के श्रेणी मे रखा गया।"सन् 1924 में लोगों की सुरक्षा और गुनहगारों पर कड़ी नजर रखने हेतु 'गुनहगार जनजातियाँ सेटलमेंट कानून' लागू किया गया। महाराष्ट्र की 42 में से 14 गुनाहगार जनजातियों को सेटलमेंट कानून के तहत 17 फीट ऊँची काँटों की तारों में बंदी बनाया गया। इन जनजातियों को महाराष्ट्र में सोलापुर, औरंगाबाद, पुणे, बारामती, जेजूरी, चिंचवड आदि स्थानों पर सेटलमेंट की स्थापना कर बंदी बनाया गया। यह 14 जनजातियाँ हैं- बेरड, बेस्तर, भामटा, कैकाडी, कंजारभाट, काटाबु, बंजारा, पारथी, राजपारथी, राजपूत भामटा, रोमोशी, वडार, वाघरी, छप्परबंद।"[7]

घुमंतु समुदाय की बहुत सी जातियां क्रिमिनल ट्राइब एक्ट के कारण कलंकित जीवन जीने के लिये मजबूर हो गई, जिसके कारण ये कहीं अपना घर बसा नही पाए। आज भी समाज के द्वारा मुख्य धारा में समाहित न हो पाने के कारण और जीवन के मूलभूत सुविधाओं की पूर्ती के अभाव के चलते ये असामाजिक कार्यों से जुड़ जाते हैं। इस समुदाय की स्त्रियों की स्थिति इससे भी बदतर है। अपने आप को, बच्चों को जीवित रखने के लिए बेड़नी, नचनिया, देह व्यापार जैसा काम कर अपमानित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।

भारत देश को स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को मिली लेकिन अँग्रेजो द्वारा थोपी गयी इस समुदाय की गुलामी 31 अगस्त 1952 में तक़रीबन 91 साल बाद समाप्त हुई। सन् 1952 तक अंग्रेजी कानून के तहत इन्हें जन्मजात अपराधी माना जाता था। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी ने 11 अप्रैल 1960 को महाराष्ट्र के सोलापुर में सेटलमेंट कॉलोनी में रहने वाले लोगों को 'विमुक्त' कर दिया तब से इस गुनहगार जातियों को 'विमुक्त जनजाति' के नाम से संबोधित किया जाने लगा। इस कानून के चलते घुमंतू जनजातियों ने अपनी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास की भूमि खो दी। विडंबना यह है कि अंग्रेजो द्वारा प्रचलित पूर्वाग्रह के आधार पर इन विमुक्त जनजातियों को आज भी सामान्य जन या अभिजात वर्ग द्वारा अपराधीक प्रवृत्ति का माना जाता है। अभिजात वर्ग आज भी इन्हें आदतन अपराधी मानते हैं। इसलिए जब भी कभी कहीं कोई वारदात होती है तो सबसे पहले विमुक्त जनजातियों के लोगों को शक के दायरे में लेकर निशाना बनाया जाता है।

जन्मजात अपराधी के दायरे से तो यह विमुक्त हो गए लेकिन समाज के नजरिए में ये आज भी अपराध की श्रेणी में ही आते हैं जिसके चलते जब इन्हें अपनी कला के माध्यम से, अपने व्यवसाय के माध्यम से, भिक्षा माँग कर अपना पेट नहीं भर पाते तो भूख मिटाने और सन्मानजनक काम न मिलने के कारण इनमें से कई अपने पेट की आग बुझाने के लिए छोटी-मोटी चोरियाँ करते हैं। लक्ष्मण गायकवाड जी ने अपनी आत्मकथा उचल्या (उठाईगीर) में विमुक्त जनजातियों की वास्तविकता को उजागर किया है। आत्मकथा में वह इस समुदाय के बच्चों को आठ-नव वर्ष की आयु में चोरी किस तरह की जाए की पुलिस के हत्थे न चढ़े इस की शिक्षा देने की परिस्थिति का चित्रण करते हैं। "बच्चों को चोरियाँ सिखलाने के अलग अलग दल होते हैं। इसके चार प्रमुख प्रकार किए गए हैं- एक खिस्तंग मतने अर्थात जेब कतरे, दो चप्पल मुठल अर्थात् चप्पल या गठरी की चोरी, तीन पड्ड घालने अर्थात् किसी को बेवकूफ बनाकर माल ऐंठना और चार उठेवारी अर्थात बात-चीत करते-करते किसी को फँसाना। इसके लिए प्रशिक्षित शिक्षक होते हैं। पढ़ाई के बाद लड़के को अपनी पहली छह माह की कमाई शिक्षक को देनी पड़ती है।" [8] भले ही यह समाज के कि आज के लिए चोरियाँ करता है लेकिन इसका सबसे ज्यादा खामियाजा इनके साथ उनके घर की स्त्रियाँ और बाल बच्चों को भी झेलना पड़ता है। उठाईगिरी में एक प्रसंग का वर्णन करते हुए लेखक लिखते हैं, चोरी के शक में पुलिस वाले घर की झोपड़ी में आते हैं "झोपड़ी में जो भी स्त्री, पुरुष और बच्चे दिख रहे थे पुलिस वाले उन्हें बेतहाशा पीटने लगे। 'घर में क्या है बता'- दादी से पूछते हुए पुलिसवाले दादी के स्तनों को पकड़कर उसे भी पीटने लगे।" [9] इस तरह का अपमानित जीवन इस समुदाय

के औरतों के लिए नया नहीं है। सम्मानजनक काम न मिलने के कारण घुमंतू जनजातियों की स्त्रियां बेड़नी, नचनिया, देह व्यापार जैसे कामों में लिक नजर आती हैं।

विमुक्त जनजातियों का शोषण सब से ज्यादा पुलिस द्वारा किया जाता है। पुलिस के द्वारा इन पर किए गए अन्याय, अत्याचार आदि की सूची कम नहीं है। ये लोग अपने पेट की आग बुझाने के लिए छोटी-मोटी चोरियाँ करते हैं। छोटे-मोटे गैरकानूनी काम करते हैं, जिसके चलते सरकारी व्यवस्था इन पर कार्यवाही करती है। लेकिन प्रशासकीय यंत्रणा या पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही इतनी बेरहम होती है की इसमें कईयों की जान जाती है, तो कई हमेशा के लिए अपाहिज हो जाते हैं। भीमराव गश्ती अपनी आत्मकथा 'बेरड' में एक प्रसंग को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं "अब तक इस टोले से कोई पचास साठ बेकसूर, निष्पाप बेरड पुलिस की धर पकड़ में दबोच लिए गए थे। और उन्हें हवालात में ढुंसकर मार मार कर यानी 'भारमाप्पा' का मजा चखा कर अपाहिज, लूला या पंगु बना दिया गया था।" [10] ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है। यह समाज भी सन्मानपूर्वक जीना चाहता है। वास्तव में इनका इतिहास गौरवपूर्ण है। इस समुदाय ने स्वराज के लिए देश को स्वतंत्रता दिलाने की भूमिका में अहम योगदान दिया है। ये लोग बड़े ईमानदार एवं स्वामिनिष्ठ होते हैं। इन जातियों के लोगों की स्वामिनिष्ठता एवं वीरता से परेशान होकर ही अंग्रेजी हुकूमत द्वारा इन्हें अपराधी घोषित करार दिया गया और इनकी आने वाली नस्लों को जन्मजात अपराधी माना गया लेकिन इस समाज के प्रति हमारी मानसिकता अंग्रेजों द्वारा लगाए गए आरोपों की बुनियाद पर ही बनी हुई है जिससे बदलना बहुत जरूरी है। बेरड समुदाय के बारे में हणमसेठ गुरुजी कहते हैं कि "जीता-जागता पैदाइशी बेरड अपना ईमान कभी नहीं भूलता। वह दूसरों की रक्षा की खातिर अपना सर्वस्व निछावर करता है। तो सच्चा विश्वास पात्र होता है- बेरड।" [11]

यह लोग मुख्यधारा में आना चाहते हैं लेकिन मुख्यधारा में आने के लिए इनके रास्तों में अनगिनत मुसीबतें हैं। यह अपने बच्चों को शिक्षा देना चाहते हैं लेकिन शिक्षा के द्वार इनके लिए आसान नहीं है। उठाईगीर, बेरड़, पराया, छोरा कोल्हाटी का, डेराडांगर, जीवन सरिता बह रही है, पोतराज आदि लगभग सभी आत्मकथाओं में इस समस्याओं के ऊपर प्रकाश डाला गया है। हर आत्मकथाकार की आत्मकथा को जानने के उपरांत पता चलता है की शिक्षा के लिए भी इन्हें कितना संघर्ष करना पड़ा है। मच्छीद्र भोसले अपनी आत्मकथा 'जीवन सरिता बह रही है' में नाथपंथी डवरी गोसावी समाज की दयनीय स्थिति को व्यक्त किया है। अपने समुदाय की वास्तविकता को दर्शाते हुए लेखक लिखते हैं-" भीखमंगे की अवस्था में जन्म लेना और भीखमंगे की ही अवस्था में मरना यही इनका विश्व। अज्ञान अंधश्रद्धा व्यसनाधीनता आदि विश्व की बुराइयों को उड़कर जीने वाले यह अभावग्रस्त जीव...।" [12] लेखक की पिताजी अपनी बेटी के लिए यह विश्व नहीं चाहते थे इसलिए वह उसे पढ़ाना चाहते हैं लेकिन स्कूल में दाखिला लेने में उन्हें दिक्कत आती है। "इस बच्चे का नाम स्कूल में दाखिल नहीं करूँगा। तुम्हारी डवरी की जाति, भीख माँग कर खानेवाली, कहीं भी रहनेवाली, भटकनेवाली। तुम लोग स्कूली शिक्षा पाने के लायक नहीं हो। इसे आज स्कूल में डालोगे तो कल तुम उसे निकाल ले जाओगे।" [13] मास्टर जी का यह कहना सही था लेकिन लेखक की पिता अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते थे। घुमंतू जनसमुदाय की ऐसी अनेक समस्याएँ हैं जिससे यह समाज रोज ब रोज जीता है। इनका उधरनिर्वाह एवं अर्थाजन का कोई निश्चित साधन नहीं है। यह समुदाय अपने परंपरागत छोटे-मोटे काम कर उधरनिर्वाह करता है। इस समुदाय के प्रति समाज की मानसिकता के चलते इन्हें कहीं नौकरी नहीं मिलती और नौकरी मिलती है तो वहाँ उन्हें अपमानित जीवन जीने के लिए मजबूर किया जाता है। अभावग्रस्त जीवन के चलते ये लोग अपने बच्चों को सही शिक्षा नहीं देते। अपनी जात पंचायत एवं अंधश्रद्धा में यह समाज इस तरह लिप्त है की शिक्षा के महत्व को यह समझते नहीं और जो समझते हैं उनके लिए है शिक्षा का रास्ता आसान नहीं रहता।

निष्कर्षतः इस आदिम घुमंतु समुदाय का अपना इतिहास है। ये लोग अपने परंपरागत व्यवसाय के माध्यम से, कीर्तन कर भिक्षा के सहारे या फिर अपनी परंपरागत कला के माध्यम से अपनी अपने जीवन को ढोते हैं। हमेशा अभावग्रस्त में रहने वाला यह समुदाय जिसका न कोई घर है, ना गाँव, ना जमीन। जिंदगी भर भटकंति जीवन जीने के लिए मजबूर इस समुदाय की अपनी

अनगिनत समस्याएँ हैं ऊपर से अपराधी जमात के रूप में इन पर लगाया गया लेबल इन्हें कहीं भी स्वस्थ जीवन जीने नहीं देता। इस समुदाय से जुड़ी हुई आत्मकथाएँ इस समुदाय के जीवन की वास्तविकता बेबाकी के साथ हमारे सामने रखती है।

संदर्भ

1 बाहरी डॉ हरदेव, बृहत अंग्रेजी हिंदी कोश भाग 1, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वाराणसी, सं 1969, पृ 1219

2 जोशी लक्षमणशास्त्री, मराठी विश्वकोश, भाग12, महाराष्ट्र राज्य मराठी विश्वकोश निर्मिति मंडळ, मुंबई, प्र सं 1985, पृ 12

3 कदम डॉ नागनाथ धोंडीबा, महाराष्ट्रातील भटका समाज: संस्कृति व साहित्य, प्रतिमा प्रकाशन, पुणे,प्र सं 1995 पृ 12

4 Raghaviah V., Nomad, Bharateeya Adimajati Sevak Sangh, Swarajya Printing Works, Secunderabad, First edition 1968, Page 110

5 शशि डॉ श्यामसिंह, भारत के यायावर, जगत राम एन्ड सन्स, दिल्ली, प्र सं 1984, पृ 26-27

6 खराब शंकरराव, भटक्या विमुक्त जमाती व त्यांचे प्रश्न, सुदामा प्रकाशन पुणे, प्रथम संस्करण 2003 पृ 37

7 डॉ भोसले दत्तात्रय, घुमंतु जनजातियों के स्वकथनों का समाजशास्त्रीय अध्ययन, विनय प्रकाशन कानपुर प्रथम संस्करण 2020, पृ 18-19

8 वही पृ 79

9 गायकवाड़ लक्ष्मण, उठाईगीर, अनुवाद सूर्यनारायण रणसुभे, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, सं 1992 पृ 9

10 गस्ती भीमराव, बेरड, अनुवाद गुलाबराय हाडे, विद्या विहार प्रकाशन, कानपुर, प्र सं 2006 पृ 324

11 वही पृ 150

12 भोसले मच्छिंद्र, जीवन सरिता बह रही है, अनुवाद दत्तात्रय भोसले, द ताईची प्रकाशन पुणे, सं 2014 , पृ 7

13 वही पृ 14

संदर्भ ग्रंथ

1 सूर्यकांत भिसे, भटक्यांची भटकंती, आनंदमूर्ती प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, सोलापुर, प्रथम आवृत्ती, 2016

भारतीय घुमंतू बंजारा समुदाय: समाज और सांस्कृतिक परंपराओं के परिप्रेक्ष्य में

डॉ. शाहीन जमादार
हिंदी विभाग प्रमुख,
मिरज महाविद्यालय, मिरज।
ई मेल -jamadarshaheen79yahoo.com
मो. नंबर 9850588435

सारांश- संक्षिप्त रूप से कहा जाता है कि बंजारा समाज एक खाना बदोश समाज हैI भारत के हर क्षेत्र में वह दिखाई देता है। उनका खानपान, रितरिवाज अभूषण, बोली भाषा राजस्थान से मिलती-झुलती हैI वे अपने आप को भी शुद्ध राजपूत क्षेत्रिय कहते हैंI इसलिए ऐसे जाति पर फिर से शोध कार्य होना जरुरी हैI आज ऐसी जातियों का जीवन बदसे बत्तर बनता जा रहा हैI उनको मूलभूत सुविधाएँ प्राप्त नही होतीI उनका कोई घर न होने की वजह से ये मुख्य धारा से वंचित हैI वे गँवार, अनपढ ही रहते हैI वैसे वह खुदकाफिल भी हैंI उनकी लडकीयों की शादी ८ से १० साल में होने से उन्हें बहुत सी बेमारियों का भी समाना करना पढता हैI कभी कभी उनकी औरते गाडीयों में ही बच्चों को जन्म देती हैI खुले मैदान में रहने से उन्हे अनेक मुश्किल आती हैI आज भी हमारे आस पास उनकी लडकियाँ पानी, लकडीयाँ या भोजन की तलाश में घुमती नजर आती हैI ऐसी जातियों पर शोध होना अनिवार्य है।

बीज शब्द- बंजारा, संस्कृति, जाति।

प्रस्तावना:

प्रत्येक मानव के कुल अधिकार मानव होने के नाते बिना किसी भेद-भाव के बिना किसी अन्य योग्यता के सहज रूप से प्राप्त होने चाहिए, जिन्हें वह करने तथा उपभोग लेने का पूरा अधिकार हैI मानव के अधिकारों का संघर्ष आरंभकाल से ही चला आ रहा हैI हडप्पा सभ्यता से लेकर अब तक हुए बदलावों में समाज का नीचला तबका यानी निम्न वर्ग प्रत्येक देश और समाज की भांति सताया जाता रहा हैI सब से खेदपूर्ण पहलू यह है, कि मानव समाज का जहाँ से विकास हुआ वही मानव का आदि पहलू आज भी गरीब, निरक्षर, अविकसीत तथा विश्व के मानचित्र से अदृश्य हैI इसी गरीबी रेखा से नीचे के स्तर पर पलने वाले तथा समाज से अलग थलग समुदाय को आदिवासी,विमुक्त घुमंतू खाना बदोश समाज की संज्ञा दी जाती हैI

भौगोलिक एवं जनसंख्या की दृष्टि से हमारा भारत देश विश्व पटल पर एक विशाल देश हैI प्राकृतिक एवं भौगोलिक दृष्टि से भारत देश में अनेक घुमंतू की जातियाँ तथा उपजातियाँ हैंI जैसे – मदारी, सपेरे, बहुरूपिये, पारधी, गुजर, बंजारे, भवैय्या, नट, भांड, कलंदर, गाडिया लुहार, शिकलगार, सांसी, कंजर, नायक, कुचबंदा, बेडिया इं. जातियाँ हमें देखने मिलती हैंI ये जातियाँ खानाबदोश की हालात में फिरते रहते हैंI भारत में सन २०११ की जनगणना के अनुसार ऐसे समुदायों की आबादी १५ करोड से ज्यादा हैI आज ये समुदाय मुख्य धारा से कोसों दूर हैI ऐसे समुदायों को मुख्य धारा से जोडना हमारा कर्तव्य हैI

मेरे शोध आलेख का विषय बंजारा समाज तथा उनकी संस्कृतिक परंपराओं का समन्वित प्रकाश डालना हैI क्योंकि सांगली, मिरज के रास्ते पर हर साल ये समुदाय कुछ महिनों के लिए आकर बसता हैI शोधार्थी के रूप में मैने वहाँ जाकर उनकी समन्वित स्थिति की जानकारी लेने का प्रयास किया थाI जो कुछ मालुमात हासिल हुई उसकी जानकारी भी में इस आलेख में उल्लेख करने का प्रयास करूगीI

'बंजारा' भारत वर्ष की एक ऐसी घुमंतू जाति है जिसका सम्बंध मध्यकालीन इतिहास के सूत्रों से बँधा हैI बंजारा अपनी अनोखी वेशभूषा और रंगरूप के कारण अपने अस्तित्व को अनेक जातियों से पृथक घोषित करते हैंI "भारतीय लोकगीत और

लोककथाओं में बंजारा अपने बैलों पर दूर-दूर तक सामान लादकर ले जाने वाला समाज यानी बंजारा समाज हैI"[१] बंजारा शब्द के साथ ही व्यापार का अर्थ सानिद्ध हैI "'बणज' या बनज, का तात्पर्य वाणिज्य ही हैI एक भोजपूरी लोक गीत में 'बनजरिया' शब्द तो वाणिज्य के अर्थ में प्रयुक्त होता आया हैI"[२] उसी प्रकार राजस्थानी लोकगीतों में बंजारों का उल्लेख बहुतबार आया हैI इस प्रकार भारत के हर क्षेत्र में बंजारा समाज दिखाई देता हैI जैसे राजस्थान, मालवा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ, दक्षिण भाग इं. स्थानों पर अलग अलग जाति के लोग हैI उसी प्रकार उनकी जीवन पद्धति भी देखी जा सकती हैI

'बंजारा' शब्द की व्युत्पत्ती के संबंध में अनेक जानकारियाँ उपलब्ध हैI हिंदी साहित्य में बंजारा शब्द का प्रयोग चलते-फिरते व्यापारी के लिए हुआ हैI कबीरदास[३] ने बंजारे के व्यवसाय को भी एक रूपक में प्रकट किया हैI उसी प्रकार गुरु नामक जी ने भी बंजारा शब्द का जिक्र किया हैI "सूरदास ने भी बंजारा तथा उनके टांडे का उल्लेख किया हैI"[४] उन्होंने अपने पद में यह कहा है कि बंजारे अपना रैन-बसेरा साथ लेकर एक जगह से दूसरी जगह स्थानातरण करते हैI उर्दू के कवि नजीर अकबराबादी के समय में बंजारा शब्द अपने मूल अर्थ में प्रयुक्त हुआ हैI जैसे –

"टुक हिर्सो हवा को छोड मियां मत देश-विदेश फिरे मारा
कज्गाक अजल का लुटे है दिन रात बजाकर नक्कारा
क्या गेहूँ, चावल, मोठ, मटर क्या आग धुआँ और अंगारा
सब ठाट पड रह जायेगा जब लाद चलेगा बंजाराI"[५]

अर्थात बंजारे खानाबदोश हैI "वे बैलों के समुदाय के साथ-साथ चलते हैंI उनको देखने से उनकी पिडा कैसी हैI बेलों तथा जानवरों के जीवन में जो पशुता है, वह बंजारों के जीवन में कूट-कूट कर भरी नजर आती हैI"[६]

बंजारा की मुख्य रूप से पाँच जातियाँ हैंI

१. राठोड २. पवार ३. चव्हाण ४. तूरी ५. जादो या बडथियाI ये जातियाँ भारत के अलग-अलग प्रांत में रहती हैI कुछ लोगों का अनुमान है कि इन का संबंध इराण से हैI लेकिन इनका संबंध राजस्थान से हैI क्योंकि उनके रहन-सहन, पोशाख, खान-पान, बोली राजस्थान से मिलती नजर आती हैI

बंजारा समाज की सामाजिक एवं संस्कृतिक परंपराए भारतीय संस्कृति अनेक संस्कृतियों का समुच्चय हैI उनमें बंजारा जाति की संस्कृति अपना अलग महत्व रखती हैI उन लोगों का खान-पान, रहन-सहन वेशभूषा, अभूषण, त्यौहार, संस्कार सब धर्म एवं भौगोलिकता पर निर्भर हैI

१) रहन-सहन-खान-पान-

रहन-सहन तथा खान-पान से धर्म पहचाना या जाना जा सकता हैI भौगोलिकता का परिणाम रहन-सहन पर निर्भर हैI तो खान-पान का परिणाम कभी-कभी स्वभाव पर भी होता हैI बंजारा समाज एक खाना-बदोश समाज हैI अपने गाडीयों में या बैलों पर अपना पूरा रैन बसेरा लेकर फिरते हैI उनके साथ अनेक जानवर पशु-पक्षी भी होते हैंI "बंजारा समाज के पुरुष गौर, कृष्ण वर्णीय होते हैंI उनका कद काठी से ऊँचा, शरीरयष्ठी भरभक्कम, लम्बी बाहें, चहरे पर तेज, तीक्ष्ण नजर, मध्यआँखें, सीधी नाक, ओंठ मध्यम होते हैं।"[७] उनमें किसी भी परिस्थिति से जुझने की क्षमता होती हैI उनमें श्रम की इच्छाशक्ती बहुत होती हैI वैसे ही उनकी स्त्रीयाँ होती हैंI उनमें प्रेम, दया, दानशीलता होती हैI

२. भोजन-

बंजारा समाज गेहू, ज्वारा, बाजरा की रोटी खाते हैंI साथ में अरहर की दाल घी डाल कर खातें हैI पूडिया, कापसी, शिरा, कढी, खीर, चुरमा, तथा चिलवा के साथ पुरण पोली भी खाते हैI इन लोगों के पास अधिक पास अधिक मात्रा में जानवर होने से दूध, दही, घी का भी इस्तेमाल करते हैंI ज्यादात्तर बंजारे मांहसारी खाना पसंद करते हैI शिकार करके या गोश्त, मछली लाकर मसाला मिर्च डालकर तीखा मांस खाते हैंI खाने के साथ पीना भी पसंद करते हैI वे महुअे के फुलों की मदिरा बना कर नशा करते हैंI साथ में दारू, सिंधी, ताडी, गांजा, अफिम-भांग का भी सेवन करते हैI खाना-पिना होने के बाद पानसुपारी खाने का भी रिवाज हैI

३. अभूषण तथा पेरावॉ-

बंजारा पुरुष गहने के रूप में हाथ में कडा, चॉदी की सांकल, कलंदोरी, पैसे रखने के लिए कमरपट्टा , बासळी, पाराधातु की सांकल आदि पहनते हैंI

बंजारा स्त्री शरीर पर कम से कम पॉच छह किलो वजन के नखशिख तक गहने पहनती हैI एक सौभाग्य बंजारन के गहने, जैसे- "घुघरी, वाकडी, मुठिया, कान में कन्या, बंदी जैसी तरोटी आदि में विशिष्ट पद्धति की साज-सज्जा से बनाए जाते हैI गालों पर दोनों तरफ से टोपली, घुगरी, गले में हासली, गोप, साकळी, बेगड कसोरया, बाहू में मुटिया, बोदुल, चूडी, अंगुली में फुल्या अंगुठी, पैरों में वाकडी, पायकस, पैरों की अंगुलियों में माचळी, चटकी, अंगुमळा, लडकियॉ पावों में घुंगरा, झांझरया की जोडी, गालों पर टोपली, गले में मुंगार हार गरतळी, हासली, तितरी, हाथों में चूडी, वाहों में बामट्या, कोपर्या कमर से लेकर पैरों तक कवडियाँ की माला पहनती हैंI जिसे 'सडक' कहते हैंI"[५] इस प्रकार बंजारिन स्त्री अपने आप को सज-धज कर लोगों को अकर्षित करती हैI वह भडकिले रंग का घाघरा, चोली और कशिदाकारी की ओढणी पहनती हैंI तो पुरुष धोती, कुर्ता, पकडी या फेटा, कमरबंद इस प्रकार उनका पेरावाँ हैI

४. सांस्कृतिक परम्पराएँ-

बंजारा समाज की रीतरिवाज सदीयों पुराने हैंI वे आज भी पालन करते हैंI विवाह, जन्म संस्कार, नामकरण तथा मृत्यू संस्कार, पगल्या संस्कार, कान सलोई संस्कार, वदाई संस्कार मनाये जातें हैI त्यौहारों में तीज, होली, दिवाली, दशहरा इ. मनाते हैI उस समय अपने कुल देवी देवताओं एवं पुरखों की पूजा करते हैI ज्यादा तर बंजारे हिंदू धर्म के रितरिवाजों का पालन करते हैI फिर भी वह किसी एक धर्म पर निर्भर नही हैI वे पूजा, व्रत तो करते हैं लेकिन अपने मन-माने ढंगसे अनेक देवी-देवताओं को पूजते हैंI उनमें अग्नि के साथ, जल, भूमि, जंगल नई फसल की पूजा करते हैI सभी देवी देवताओं को मानते हैं उन में सेवाभया, विठूभूकिया, राम, कृष्ण, तुळजाभवानी, शितला देवी, बंजारा देवी, बालाजी को पूजते हैI वे मृत्य आत्माओं एवं देवताओं को संतुष्ठ रखने के लिए बली भी देते हैI वे मंत्र-तंत्र, जादूटोने में विश्वास रखते हैंI

५. नृत्य-

बंजारा लोग होली, तीज, दिवाली तथा दशहरे के मौके पर सामुहिक नृत्य भी करते हैंI जैसे- टोली नाच, तलवार नृत्य, टिपरी नृत्य महत्वपूर्ण हैंI उनकी महिलायें भी नृत्य करती हैI साथ ही अपनी बोली भाषा में गीत गाती हैI उनकी मौखिक बोली भाषा के गीत भरे पडे हुये हैI इस प्रकार मैने बंजारा समाज का सामाजिक एवं संस्कृतिक लेखाजोखा संक्षिप्त में प्रस्तुत किया हैI

संदर्भ सूची-

१. बंजारा बोली भाषा एक अध्ययन- डॉ. मोहन लक्ष्मणराव चव्हाण- पृ. ११
२. वही- पृ- ११
३. कबीर ग्रंथावली – कबीरदास
४. सूरसागर
५. नजीर की बाजी, नजीर अकबराबादी संपा. रघुपति सहाय. पृ. १४
६. बंजारा बोली भाषा एक अध्ययन- डॉ. मोहन लक्ष्मणराव चव्हाण- पृ. २०.

७. वही – पृ. क्र. २०

८. वही – पृ. क्र. ६४

९. Internet

१०. स्वयं साक्षात रूप में बंजारा समाज का सर्व्हे करने के आधार पर।

विमुक्त एवं घुमंतू जनजातियों की अवधारणा एवं स्वरुप

व्यंकट धारासुरे
व्याख्याता : सेंट मेरिस कनिष्ठ महाविद्यालय,
जुबली हिल्स, हैदराबाद-33,
इमेल-vyankatdharasure@gmail.com

सारांश-

भारत में स्थित विमुक्त जातियाँ और घुमंतू जनजातियाँ लगभग एक जैसी पाई जाती है। जिनके व्यवसाय भिन्न होते हुए भी प्रवृत्ति में साम्यता अधिक पाई जाती है। जैसे तथाकथित समाज से इन जनजातियों की रुढी-परंपरा, देवी-देवता, रीति-रिवाज और मुख्यतः घुमक्कड़ प्रवृत्ति जिन्हें उभयनिष्ठ बनाती है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से कुछ घुमक्कड़ जनजाति के अलावा अधिकांश जनजातियों की स्थिति एक-सी है।

बीज शब्द- घुमंतू, जाति-जनजाति, इतिहास।

प्रस्तावना

इस देश का एक नक्शा होते हुए भी इसमें अनेक देश बसे हुए हैं। वे स्वंय की जाति, संप्रदाय, धर्म के रीति-रिवाज, प्रथा-परंपरा, पूजा-आर्चना में उलझाकर रहनेवाले देश हैं। सार्वजानिक जीवन में कुछ प्रतिशत देश एकत्रित दिखाई देता हो, किंतु अन्य व्यवहारों में विविध जातियाँ खुद के संसार में मशगुल रहती हैं। आज भी इस देश का इंसान जाति में पैदा होता है, और जाति में ही गुजर जाता है। जाति यहाँ की वास्तविक सच्चाई है। जाति यहाँ इंसान को इंसान से दूर रखती है। आत्मसम्मान छीन लेती है। लाखों लोगों की पहचान मिटा देती है। उनका इतिहास, वर्तमान, भविष्य और भूगोल भी नकारा जाता है। जिनका गाँव न हो, सरकारी विभाग में नाम, जिन्हें सम्मान-प्रतिष्ठा नहीं ऐसी अनेक जाति-जनजातियाँ यहाँ मौजूद हैं। 'जो सैकड़ों सालों से बिना घर, गाँव के उदरनिर्वाह की तलाश घुमक्कड़ी कर रही है, उन्हें 'घुमंतू' कहा जाता है।'

घुमंतू जनजातियाँ 'घुमंतू' के आलावा ख़ानाबदोश, यायावर, घुमक्कड़, अस्थिरवासी, यात्री, बंजारा आदि नामों से जानी जाती है। इनके लिए मराठी विश्वकोश में लिखा गया है-"उदरनिर्वाह अथवा व्यवसाय के कारण भटकने वाले समूह को सामान्यतः 'घुमंतू' कहा जाता है।' किंतु उनका उद्गम बहुत प्राचीन संस्कृति में पाया जाता है। अंग्रेजी में 'नोमड्स' का प्रयोग होता है। 'नोमड्' शब्द 'नोमी' अथवा 'नेमो' (मवेशी चारण) के ग्रीक शब्द से तैयार हुआ है। स्थायीरूप से घर और जमीन नहीं, परंतु मवेशियों के झुंड है, ऐसे समूह जानवरों के चारे की तलाश में घूमते हैं। इस प्रकार के समूहों के लिए 'नोमड्स' इस शब्द का प्रयोग किया जाता है।"[i] सदियों से अपनी घुमंतू प्रवृत्ति के कारण ये समूह अस्थायी रूप से किसी न किसी कार्य, लेन-देन के संपर्क से समाज में मौजूद हैं।

यही घुमक्कड़ जाति-जनजातियाँ इतिहास में कभी सरदार, सैनिक थे; आर्यों, मुग़लों, अंग्रेजों के शासन और युद्धों की वजह से इन मूलनिवासियों को पराजित होना पड़ा था। पराजित होने के कारण ये भोजन की खोज में भटकते रह गये। जंगलों, पहाड़-घाटियों के सानिध्य में रहने लगे। वहीं से स्थिर समाज को सेवाएँ प्रदान करने लगे। उदाहरण- वनौषधि, शिकार किये गए प्राणी आदि। आगे चलकर इनसे जंगल भी छिना गया। जंगलों को अपनी संपत्ति बनाकर रखने के लिए और जंगलों पर अंग्रेजों की हुकूमत ख़त्म करने के लिए अनेक युद्ध इन जाति-जनजातियों ने किया। अंग्रेजों के खिलाफ जगह-जगह पर विद्रोह किया, हैरान करके छोड़ा। अंग्रेजों के अलावा अन्य शासक वर्ग ने इन जातियों को सेना, युद्ध व अन्य कामों में शामिल किया। इस कारण यह जाति-जनजातियाँ अलग-अलग प्रकार की सेवाएँ दे सकी। व इन जनजातियों को राजा-महाराजाओं द्वारा ताम्रपत्र प्राप्त किया है।

सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में घुमंतू जनजातियाँ स्थानिक सेनानियों के साथ मिलकर अंग्रेजों का गोला-बारूद, बंदूके, खजाना लूटकर और अपने गोरिल्ला युद्ध नीतियों को अपनाकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में अपना एहम योगदान दिया है। आगे भी अंग्रेजों के प्रति जनजातियों का रुख देश की आजादी का ही रहा। (इसे भारतीय इतिहारकारों ने नजरंदाज किया) इसलिए अंग्रेजों ने अपनी सत्ता कायम करने के लिए, और जनजातियों को काबू में लाने के लिए अनेक तरीके अपनाए। जिनमें 'भारतीय वन अधिनियम, 1865' द्वारा शाही वन विभाग (इम्पीरियल फ़ॉरेस्ट डिपार्टमेंट) के विभिन्न वनमंडलों द्वारा वनों पर ब्रिटिश नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया। तथा सन् 1871 में 'अपराधिक जनजाति अधिनियम' बनाकर सभी लड़ाकू जातियाँ-जनजातियों को 'गुनहगार' के अपराध में बंदी बनाया गया। वहाँ पर इन जनजातियों को काम करवाया था, और जो काम नहीं करते उसे कड़ी सज़ा देते थे। बाद में अंग्रेजों को पता चला की मारने से काम संभव नहीं, इस लिए अंग्रेजों ने इन लोगों को दिन में तीन बार हाज़िरी देने की शर्त लगायी। अंग्रेज यह भी समझते थे की 'इंसान बुरा नहीं होता है' इसलिए अंग्रेजों ने जेल में ही जनजातियों के लिए रोज़ गार, स्वस्थ्य और शिक्षा का प्रबंध किया और उनमें सुधार लाने का प्रयास भी किया था। यह सिलसिला भारत की आजादी तक चलता रहा।

सन् 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। सन् 1949 में भारतीय संविधान लागू हुआ, किंतु इन जनजातियों को जेल (सेटलमेंट) से बाहर निकालने का प्रावधान नहीं किया। इसलिए भारत के प्रथम कानून मंत्री डॉ.अम्बेडकर ने अपने साथी सांसदों के द्वारा संसद में जनजातियों को सेटलमेंट से बाहर निकालने का प्रस्ताव रखा। तब भारत सरकार द्वारा तत्कालीन एक समिति का निर्माण किया गया। तत्कालीन प्रधानमन्त्री पं.नेहरु ने 1871 के 'आपराधिक जनजाति अधिनियम' (क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट) को ख़त्म कर 31 अगस्त 1952 को 'आदतन आपराधिक अधिनियम' (हॅबिचुँल अफेंडर्स एक्ट) के तहत बंदिस्त जनजातियों को 'विमुक्त' किया। तभी से यह जनजातियाँ 'विमुक्त जातियाँ' कहलाती हैं।

विमुक्त जनजातियों को 'विमुक्त' के आलावा स्वतंत्र किया हुआ, मुक्त किया हुआ, प्रतिबंध से छूटा हुआ, स्वछंद, आज़ाद, फेंका हुआ आदि नामों से जानी जाती है। 'विमुक्त' जनजातियों की अपराधी प्रवृत्ति को स्पष्ट करते हुए दादासाहब मोरे लिखते हैं-"सामाजिक परिस्थितियों का दबाव और आर्थिक विपन्नता के कारण कुछ घुमंतू जनजातियाँ गुनहगार प्रवृत्ति को मजबूरन स्वीकार किया। जिन्हें 'अपराधी जनजाति' के नाम से पहचाना जाता है।"[ii] 'स्वतंत्र भारत में 'समाज के नकारात्मक दृष्टिकोण और पुलिस प्रशासन में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए 'अधिनियम' के तहत चले आ रहे 'कानून' से प्रताड़ित जनजातियों को 'विमुक्त' कहा जा सकता है।'

संपूर्ण भारत में विमुक्त एवं घुमंतू जनजातियाँ पाई जाती है। इदाते आयोग द्वारा इनकी जनसंख्या 15 करोड़ बताई गयी है। जो चार सौ से अधिक जातियों-उपजातियों में बिखरी हुई है। ये जनजातियाँ समाज में अपने परंपरागत व्यवसाय के साथ घुमक्कड़ी करते आ रही है। जिनमें- पशु-पालक, पहरेदार, कारीगर, शिकारी, वैद्यकी, नृतक, जादूगर, कलाबाज, भिक्षाटन, अपराध करनेवाली जातियाँ शामिल हैं। इनमें से अधिकांश जनजातियों का संबंध जंगल-पहाड़ियों से रहा है, कुछ का जंगल और गाँव दोनों से रहा है और कुछ जनजातियों का संबंध केवल गाँव से रहा है। समय के चलते इनमें से कुछ जनजातियों में परिवर्तन दिखाई देता है, परंतु अधिकांश जनजातियों में पहले जैसी स्थितियाँ पाई जाती है।

हम देख सकते हैं की भारत में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियाँ पाई जाती है। जिन्हें हम पाँच श्रेणियों में देख सकते हैं। पहली है पशुपालक घुमंतू जनजातियाँ, यह जनजातियाँ गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट व सूअर आदि का पालन करती है। इनमें दो प्रकार की घुमंतू जातियाँ पाई जाती है। एक पशुपालक जो एक स्थान से दूसरे स्थान अनवरत घूमती है और दूसरी वह कुछ समय के लिए दूसरे स्थान जाते हैं और कुछ समय अपने पशुओं के साथ घर लौटते हैं। यह लोग गाय, भैंस का दूध बेचते हैं। भेड़,

बकरी चराने वाले समुदाय उनकी खरेदी-बिक्री करते हैं। इनमें- गोपाल, धनगर, गद्दी, गुज्जर, बकरवाल, रेवारी, गडरिया आदि प्रमुख जनजातियाँ पाई जाती है। दूसरी है व्यापारी जनजातियाँ, यह जनजातियाँ पूर्वकाल में नमक, खाद्यान्न, पशुओं का व्यापार किया करती थी। इसमें- बंजारा प्रमुख जनजाति है। तीसरी है भिक्षुक घुमंतू जनजातियाँ, यह जनजातियाँ समाज में देवी-देवताओं के नाम पर गाने गाती, भविष्य देखकर, नंदीबैल के नामपर भिक्षाटन करती है। जिनमें- जोगी, जोशी, स्वामी, गोसावी, बहुरूपी, वासुदेव, गोंधली आदि प्रमुख जनजातियाँ है। चौथी है पेशेवर घुमंतू जनजातियाँ, यह जनजातियाँ सांप, बंदर, भालू पालते हैं, साथ में बच्चों को कलाबाजी सिखाते हैं। यह समुदाय हमेशा उदरनिर्वाह तथा अपने पशुओं के चारे की तलाश में घूमते है। इनमें- सपेरे, बंदरिया, नट, बाजीगर, भालू वाले, सिकलीगर आदि प्रमुख जनजातियाँ पाई जाती है। पाँचवी है अपराधी घुमंतू जनजातियाँ, यह जनजातियाँ अंग्रेजों द्वारा अपराधी मानी गयी थी। भारत स्वतंत्रता के बाद इन्हें समाज और प्रशासन में स्थान न मिल पाने के कारण मजबूरवश छोटी-मोटी चोरी, चोरी-छुपे शराब बेचकर जीवन-यापन करने लगी। जिनमें- सांसी, कंजर, पारधी, बेरड़, भामटा, उठाईगीर, बावरिया, डोम आदि प्रमुख जनजातियाँ हैं।

अतः भारत में स्थित विमुक्त जातियाँ और घुमंतू जनजातियाँ लगभग एक जैसी पाई जाती है। जिनके व्यवसाय भिन्न होते हुए भी प्रवृत्ति में साम्यता अधिक पाई जाती है। जैसे तथाकथित समाज से इन जनजातियों की रुढी-परंपरा, देवी-देवता, रीति-रिवाज और मुख्यतः घुमक्कड़ प्रवृत्ति जिन्हें उभयनिष्ठ बनाती है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से कुछ घुमक्कड़ जनजाति के अलावा अधिकांश जनजातियों की स्थिति एक-सी है। नाचगाना, कलाबाजी करने वाली जनजातियों को पूर्व काल में अपने दरबार या गाँव में शौक से आमंत्रित किया जाता था। तब उनकी ज़रूरत थी। आज रेडिओ, टीवी, मोबाईल ने इन कलाकार जनजातियों का बहुत बड़ा अहित किया है। खिलौने, टोकरियाँ, फूलदान बनाने वाली जनजातियाँ बाज़ार में प्लास्टिक सामान के कारण नुकसान झेल रही है। भिक्षुक समुदाय ख़त्म होने के कगार पर हैं। आज वे भीख माँगते फुटपतों, स्टेशनों पर देखे जा सकते हैं। अपराधिक जनजातियाँ आज भी कलंकित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। पशु पालक जनजातियाँ चारे के लिए जमीन के अभाव में भटक रही है। अब इन जनजातियों को वैकल्पिक कार्य करने पर मजबूर होना पड रहा है।

विमुक्त घुमंतु समुदाय का अतित एवं वर्तमान दशा- दिशा

प्रा. युवराज सुभाष जाधव
डॉ. तात्यासाहेब नातू कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स एंड
सीनियर कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मार्ग ताम्हाने
मार्ग ताम्हाने, तालुका-चिपलुन, जिला रत्नागिरी,
मोबाइल नंबर 8668836580.
ईमेल आईडी yuvarajayu@ gmail.com

सारांश

प्राचीन भारत से लेकर आज तक अपने पारंपरिक व्यापारी रवैये से भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक स्थिति में योगदान देने वाला विमुक्त घुमंतू जन समुदाय हमेशा उपेक्षित रहा है. 'द्रव वही है बदला केवल पात्र' उक्ती के अनुसार प्राचीन भारत के आर्थिक सुबत्तावाले समाज से लेकर ब्रिटिशो ने भी इस समाज पर कई अत्याचार किए हैं. आज भारत की स्वतंत्रता की 75 वी अमृत महोत्सव हम मना रहे हैं फिर भी भारत की 191 जातियों की इन 25 करोड़ आबादी वाले विमुक्त घुमंतू समाज को अपने न्यायोचित मानव अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा है ,यह बहुत ही दुर्भाग्यशाली बात है..

बीज शब्द : घुमंतू, स्वतंत्रता, सफेदपोश

घुमंतु समुदाय का शाब्दिक अर्थ:

समुदाय उसे कहते हैं जिसमें अधिकांश जनता का समूह होता है. घुमंतु समुदाय का शाब्दिक अर्थ है इधर- उधर घूमने वाले अस्थिर जनसमुदाय जैसे बेसहारा पंछियों का समुदाय. प्रकृति के बदलते चक्र के अनुसार जैसे पंछियों को अपना आवासीय जीवनक्रम बदलना पड़ता है वैसे घुमंतु समुदायों को अपने जीवन के जीने के पहलुओं में बदलाव करना पड़ता है. आज हम भले ही भारत की स्वतंत्रता का 75 वा अमृत महोत्सव मना रहे हैं फिर भी हमारे भारतीय समाज के उन विकास की धारा से पिछवाड़े पर पड़े भारतीय लोगों को अत्याचारों से कभी भी स्वतंत्रता नहीं मिली है. स्वतंत्रता के बाद भारत में निर्माण हो गई विकास धारा में इन घुमंतू समाज पर हमें गौर करना चाहिए कि वे सचमुच पीड़ा से आजाद हो गए क्या? प्राचीन भारत से लेकर आज के इन सफेदपोश लोगों ने इन घुमंतू लोगों को हमेशा अत्याचारों से पीड़ित कराया है.जैसे इन लोगों के जीने का हक और उनके मानवाधिकारों को भी हमेशा अधिकारों से वंचित कराया गया है.

घुमंतू कौन है:

स्वतंत्रतापूर्व ब्रिटिश प्रशासन ने इस स्थिति में अपनी प्रशासनिक पकड़ को मजबूत करने के लिए तथा इस पकड़ का विरोध करने वाले गुटों को खारिज करने के अपने रवैया के अनुसार **क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट** 'कानून को 1871 मैं बनाया तथा 191 आदिवासियों और घुमंतू जंगल वासी लोगों की जाति को जन्मजात अपराधी का करार दे दिया गया. इसका एकमात्र कारण यह था कि इन घुमंतू जनजातियों वाले लोगों ने ब्रिटिश प्रशासन का कड़ा विरोध किया तथा सरकारी कार्यालयों को जलाना ,रेल की पटरी उखाड़ना, सरकारी कानूनों को ठुकराना यह ब्रिटिश विरोधी कार्य किया था. ऐसा उन्होंने इसलिए किया क्योंकि उनके मन में भारत देश के प्रति स्वाभिमान की भावना थी भारतीय भूमि पर होने वाले अत्याचार कभी भी सहने के लिए तैयार ही नहीं थे परंतु यह ब्रिटिश नजर में बहुत बड़ा अपराध था. इसी कारण ब्रिटिश ने उनको जन्मजात अपराधी का करार दे दिया. वास्तव में यह घुमंतू कौन है? तो हमारे भारत के गांव शहरों से दूर सामाजिक ,आर्थिक, राजकीय जीवनों से बहिष्कृत जनजाति के लोगों में नट ,भाट, बंजारा ,सपेरा ,कंजर ,प्रेरनासिंगीवाला, तेली ,कोली ,घंटी चोर ,कालबेलिया ,जोगी ,फासेपारधी, जैसे 191 समुदाय आते हैं. इस समुदाय के लोग पूरे भारतवर्ष में फैले हैं जिनमें अधिकांश लोग राजस्थान, हरियाणा,पंजाब ,मध्य प्रदेश ,गुजरात ,उत्तर प्रदेश राज्य में पाए गए हैं. महाराष्ट्र में अक्टूबर-नवंबर में फसल के काटने पर खेती में आवास बनाने वाले फासेपारधी लोगों का झुंड हमारा ध्यान आकर्षित करता है. समाज ने ऐसे घुमंतू लोगों को हमेशा अपनी नजर से दूर ही रखा है. केवल उनसे पूरे कष्ट के काम

करवाना लेकिन अपने नजदीक नहीं आने देना ऐसा रवैया लोगों ने अपनाने के कारण प्राचीन भारत से लेकर आज तक यह लोग किसी भी जगह स्थिर नहीं हो सके और इसीलिए हमेशा वह घुमक्कड़ जैसे लोग बन गए हैं. सरकार से इनको कुछ जमीन भी मिली है लेकिन उस पर भी बड़े सफेदपोश शागिर्द लोगों ने अपना हक जमा किया है. भौतिक सुविधाओं का नाम तो इन लोगों के जीवन में आता ही नहीं है. गरीबी जीवन जीना इनके जीवन का एक अविभाज्य अंग बन गया है. इन लोगों को न जीवनआवश्यक पानी समय पर मिलता है न बिजली की उनके जीवन में आशा होती है, ना कुछ भौतिक सुविधाओं की आवश्यक वस्तुएं उनके जीवन में आते हैं .ऐसे विमुक्त घुमंतू जन समुदाय समाज में हमेशा दुर्बलता से भरा रहता हैऔर फिर ऐसे शोषण के शिकार बन जाता है की जिनका कोई भी सहारा नहीं होता.2011 की जनगणना के अनुसार पूरे भारतवर्ष में इन घुमंतू जनजातियों वाले लोगों की संख्या 15 करोड़ बताई गई है.

घुमंतू जनजाति के लोगों का जीवन जीने का ढंग

प्राचीन भारत के उज्जवल इतिहास में घुमंतु लोगों का उल्लेख मिलता है. घुमंतू होने के कारण एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले घुमंतू समाज के लोगों ने गधे ,उंट,जंगली जानवरों की की सहायता से अरब से लेकर मुल्तान तक तथा पूरे भारतवर्ष में व्यापार के कष्ट उठाने में इन लोगों ने अपना पूरा सहयोग दिया है. जंगल से प्राप्त लकड़ियों से लेकर जड़ी बूटियां, फल ,जंगली मेवा आदि को बाजार में बेचना तथा शाम को उन्हीं पैसों से धुंध होकर शराब में धुत होना इनकी स्वभावगत विशेषता है. जन समुदाय उनके यहां पिछली 4 शतकों से टूटी फूटी, झोपड़ी ,बड़ी आबादी ,गरीबी ,अछूतापन यह उनके समुदाय की विशेषता प्राचीन भारत से 21वीं सदी के उत्तरार्ध में कायम मजबूत बनी है ,यह भारत जैसे कुछ महान देश के लिए बहुत दुर्भाग्यशाली बात है .जिस देश के स्वतंत्रता के लिए भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु से लेकर महात्मा गांधी जैसे लोगों ने अपने जीवन को समर्पित करते हुए देश को आजादी दिला दी है.आजादी इन विमुक्त घुमंतू जाति के लोगों के लिए कभी भी सुखदायक उनके मानव अधिकारों को सुरक्षित करने वाली बिल्कुल नहीं बन पाई है. क्या यह विमुक्त घुमंतू समाज भारत का एक अंग नहीं है जिन लोगों के बदौलत हमारे देश को स्वतंत्रता मिली है तात्पर्य भारत के स्वतंत्रता में इन विमुक्त घुमंतू समाज के उन वीरों ने भी बहुत बड़ा योगदान दिया है जिसमें वीर संतान ,बिरसा मुंडा जैसे महान लोगों का चरित्र शामिल है ब्रिटिशहो ने इसीलिए इन लोगों के देश प्रेमी को खारिज करने के इरादे से ही इन लोगों को 1857 के बाद इन लोगों को जन्मजात अपराधी होने का करार देते हुए इन लोगों के जीवन के मानव अधिकारी को इस प्रकार खारिजकर दिया था . गांव से दूसरे गांव में अपने परिवार सहित घूमने वाले ऐसे विमुक्त घुमंतू लोगों को एक तो शहर में कोई भी सहारा नहीं देता और घुमक्कड़ जीवन को यह लोग अपनाना चाहते हैं .इस प्रकार गरीबी ही इन लोगों की एक ऐसी विशेषता बनी है और इसी कारण यह लोग घुमक्कड़ जीवन जीते हैं .इन लोगों के लिए रोटी, कपड़ा, मकान इसमें से रोटी और कपड़ा यही एक आवश्यकता बन जाती है .इन लोगों के लिए कोई भी शाश्वत मकान होता नहीं है और इस प्रकार जैसे खुला आकाश, खुली हवा और सूरज के प्रकाश यही इनके जीवन की एक आवश्यकता बन जाती है और फिर ऐसे लोगों को एक वक्त की रोटी मिलना मुश्किल हो जाता है .जैसे सफेदपोश लोग इतनी संपत्ति कमाते हैं लेकिन इन लोगों की तरफ देखने के लिए राजनीतिज्ञों से लेकर हमारे देश के सामान्य नागरिकों को भी कभी समय नहीं मिलता और इस प्रकार यह एक दुर्भाग्यपूर्ण बात हो जाती है कि हमारे ही विशाल भारत के ऐसे भी विमुक्त घुमंतू लोग अपनी जीवन की आवश्यकताएं पूरी करते समय इन लोगों को अपना जीवन ऐसे ही खराब स्थिति में बिताना पड़ता है कि न इनके बच्चों को उचित शिक्षा मिलती है न इनको एक वक्त की रोटी मिलती है. ऐसे बहुत ही कठिन परिस्थिति में यह लोग अपनी जीविका योजना करते रहते है.

स्वतंत्रता पूर्व भारत में घुमंतु लोगों का योगदान

गरीबी लाचारी में फंसे घुमंतू समाज ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिशओके खिलाफ बिगुल फूंक दिया था. हिंदू संस्कृति के रक्षक, त्यागी ,बलिदानी ,दृढ़ प्रतिज्ञ ऐसे गाड़ियां लोहारों, बिरसा मुंडा, संथाल, इनके बलिदान को तो सभी लोग स्मरण करते हैं. महाराष्ट्र में तो श्रद्धालु बिरसा मुंडा जैसे वीरों ने ब्रिटिश शासन को जर्जर कर दिया था. रेल की पटरियों को उखाड़ देने से, सरकारी कार्यालयों को लूटना, अत्याचारी ब्रिटिशओ को मौत दिलाना ,सरकारी खजाना लूट कर गरीबों में बांट देना जैसे

देश कार्य से संबंधित कार्य इन लोगों ने हमेशा किए हैं.इस प्रकार इन घुमंतू समाज के वीरों ने ब्रिटिश शासन के ईट को हिला दिया था. परिणाम स्वरूप ब्रिटिशओने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को परास्त करने के पश्चात इन घुमंतू समाज को कुचलने में खूब सारा प्रयास किया है. इतना ही नहीं 191 घुमंतू समाज के जनजातियों को जन्मजात अपराधी का करार देते हुए उन्हें कलंकित करा दिया गया. उनके उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया. जंगलों को आग लगाकर उनकी झोपड़ियों को जला दिया गया है भारतीय इतिहास इन घुमंतू समाज के इन वीरों के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को, सशस्त्र विद्रोह को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता.

स्वतंत्रता के बाद इन घुमंतू समाज की दशा

दर-दर की ठोकरें खाने वाले इन घुमंतू समाज ने 15 अगस्त के 1947 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के नियति के साथ किए गए भाषण के शब्द भले ही सुने हो परंतु उन्हें स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए 5 साल का संघर्ष करना पड़ा. परिणाम था 1952 में इन समाजों को ब्रिटिश द्वारा मिला हुआ जन्मजात अपराधी होने का कानून. भारत सरकार ने इस अन्याय कानून को खारिज करके जन्मजात अपराधी होने से घुमंतू समाज को भी मुक्ति दिलाई. अब वह विमुक्त जनजातियां कहलाती है. अंग्रेजों के दमनआत्मक रवैया के विरुद्ध स्थानीय कृषक जातियों तथा जनजातियों ने अपनी क्षमता के अनुसार ब्रिटिश खिलाफ विद्रोह करके देश के कई लोग समर्पित हो गए .देश के स्वतंत्रता में योगदान देने वाले इन विमुक्त घुमंतु जातियों के प्रति हमारे आज के भारतीय राजनीतिक लोग हमें उपेक्षित नजर से इन लोगों को देखते हैं .यह भारत की स्वतंत्रता के सामने बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह निर्माण करने वाला घटक है.दुर्भाग्यवश भारतीय राजनीतिक लोगों ने उन्हें यथोचित भारतीय गौरव से भी हमेशा दूर रखा है.

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद घुमंतू समाज के प्रति भारतीय सरकार का दृष्टिकोण

भारतवर्ष के कई राज्यों में बेलदार, बंजारा ,फासेपारधी जैसी जनजातियां आज भी दर-दर की ठोकरें खाती नजर आती है. 1947 से लेकर 2021 तक घुमंतू समाजों के विकास के लिए भारत सरकार तथा प्रादेशिक राज्यों की सरकारों ने कई सुधारात्मक रवैया को अपनाते हुए इन जनजाति का विकासात्मक प्रयास किया है. जैसे 1952 में उन्हें जन्मजात अपराधी ब्रिटिश कानून से विमुक्ति करार दिया गया. भारतीय संविधान ने इन घुमंतू समाज के लोगों के लिए सामाजिक नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान लागू किया है. सविधान निर्माता महामानव डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी ने इन समाज के उत्थान के लिए हमेशा जोर दिया है. भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स रिमूवल ऑफ एरिया रिस्ट्रिक्शन अमेंडमेंट एक्ट १९७६ लागू करके घुमंतु समुदाय के लोग जिस एरिया में आवास करते वहां की जमीन -जायदाद पर उन्हें सरकारी प्रमाण पत्र देकर उन्हें अधिकार प्रदान किए जाएंगे ,ऐसा भी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में बताया है. महाराष्ट्र सरकार ने जमीन हक्क अधिग्रहण कानून लागू करके इन बंजारा ,जंगल में रहने वाले पिछड़े लोगों को जंगल की जमीन अधिग्रहण कानून के तहत अधिग्रहण अधिकार प्रदान किए हैं. भारत सरकार का सामाजिक न्याय तथा आदिवासी कल्याण विभाग भारत के ऐसे पिछड़े जनजाति के कल्याण के लिए हर साल अनुदान राशि भी मुहैया कराता है.

भारत देश के लिए घुमंतू समाज का योगदान

घुमंतू समाज ने हमेशा भारतीय लोगों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है. प्रतिष्ठित लोगों द्वारा दिया गया हर एक कष्ट का काम उनके लिए बहुत आनंदित बात दिलाता है. जी जान से और मेहनती अंदाज से काम करना यह इस समाज का एक स्वभाव बन गया है. गांव या शहर के रोड का काम करना ,खेती का काम करना, फसल काटना, पेड़ों की कटाई करना ,जंगल से लकड़ी शहर में वे बेचना ऐसे काम इन घुमंतू समाजों के जीवन का एक अंग बन गया है. जंगल में रहने वाले यही घुमंतू लोगों ने जंगल की जड़ी बूटियों ,दवाईउनका इनको बहुत अच्छा ज्ञान होता है और इसीलिए वह निकाल कर वह गांव- शहरों में आकर बेचने का काम भी करते हैं. बहरूपिया बनकर यह लोगों का मनोरंजन भी करवाते हैं. इन्हीं लोगों के कारण ही जंगल पेड़ पौधे सुरक्षित बचे हुए हैं .साथ ही पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में इन घुमंतू लोगों का खूब योगदान रहा है. रायगढ़ जिले में स्थित

पोलादपुर तहसील में रहने वाले आदिवासी घुमंतू लोग तो मार्च-अप्रैल के समय जंगल से दवाइयां ,काजू आम लाकर रोड के किनारे बैठ कर लोगों को बेचकर जन सेवा करते हुए अपना पेट पालते रहते हैं. बंदर के खेल दिखाने वाला बच्चों का अच्छा मनोरंजन करता है. महाराष्ट्र में तमाशा करने वाले नट लोग ,कारीगर यह तो लोगों को कलाकृति के माध्यम से मनोरंजन के ढंग बताते हैं.सचमुच ,यह बहुरूपिया , बेलदार, बंजारा ,फासेपारधी घुमंतू समाज के लोग कभी भी बड़ी -बड़ी इमारत के बांधने का तो सोचते नहीं लेकिन लोगों के जीवन में आनंद लाने की हमेशा कोशिश करते हैं.

घुमंतू समाज के लोगों का वर्तमान जीवन

2021 की जातिवार जनगणना अभी तक नहीं हो सकी है लेकिन इसके आंकड़े अंदाज से हम बता सकते है कि आज विमुक्त घुमंतू जातियों के लोगों की संख्या 25 करोड़ से भी ज्यादा होगी. आज पूरा भारत वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव मना रहा है फिर भी आज इन घुमंतू समाज का जीवन जैसा कि वैसा ही आज हमें देखने को मिलता है तो इससे हमारे सामने प्रश्न खड़ा होता है कि आज भारत को स्वतंत्रता मिलकर 75 साल तो हो गए लेकिन क्या हमने सचमुच आजादी के बाद इन गरीब ,घुमंतू, विमुक्त लोगों को सचमुच परेशानियों से मुक्त कर दिया है? आज भी वह अपने स्वतंत्रता के लिए लड़ रहे हैं और उनकी यह लड़ाई इतनी गंभीर और चुनौतीपूर्ण है कि स्वतंत्रता पूर्व उन्हें अंग्रेजों से लड़ना पड़ा, आप की बार अपने ही लोगों से उन्हें लड़ना पड़ रहा है. सामाजिक ,आर्थिक, राजनीतिक स्तर पर विमुक्त, घुमंतु ,अर्ध घुमंतु ,खानाबदोश समाज के लोगों को न्याय से वंचित ही रहना पड़ रहा है. सरकार द्वारा इदाते कमीशन जैसे कई प्रकार की कमेटियां हर साल गठित की जाती है फिर भी इन समाज का विकास केवल दस्तावेजों में पड़ा रहता है. सरकार के सिर्फ मंत्रीगण केवल घोषणाएं करके समाज के पिछवाड़े लोगों के बारे में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं परंतु वह सब खोखली बातें होती है. घुमंतू समाज के लोग आज भी सामाजिक शैक्षणिक सुविधाओं से हमेशा पीड़ित रहे हैं. कोई एकाध दूसरा घुमंतू समाज का पढ़ा- लिखा व्यक्ति भी विदेशों में जाकर बस जाता है और अपने समाज को भूल जाता है .समाज के प्रतिष्ठित लोग घुमंतू समाज के लोगों की जीवन शैली पर रोक लगा रहे हैं. जंगलों को आग लगा दी जाती है .इससे इन घुमंतू लोगों की आवासीय स्थान भी उजड़ जाते हैं .जो बंजारे लोग प्राचीन भारत से गधे जैसे जानवरों के जरिए व्यापार किया करते थे ,अरब देश से नमक भी लाया करते थे उन्हीं लोगों के व्यापार पर सरकार ने 1995 में नमक व्यापार पर रोक लगाकर उनके जीवन को ही समाप्त करने का ढंगा अपनाया है .सरकार ने जंगल के अधिकारों को छीन लिया है .मेडिकल प्रैक्टिशनर अधिनियम के जरिए सिंहजीवाला ,सांसी ,जोगी ,कंजर ,ऐसे घुमंतू समाज के लोगों के पारंपरिक ज्ञान की पद्धति को ठुकरा दिया है. आज महाराष्ट्र से तमाशा तो लुप्त ही हो गया है .बागरी समाज के हाथों से उनकी जमीन भी छीन कर उन्हें हमेशा के लिए घुमंतू बना दिया गया है .घुमंतू लोगों के प्रति हमारे समाज में तिरस्कार का स्वर बड़ा है कि इन लोगों को सोसाइटी में प्रवेश निषिद्ध होता है. यह समाज के लोगों के मरने पर श्मशान भूमि भी उन्हें नसीब नहीं होती . नट लोगों के करतब पर भी रोक लगा दी जा रही है. केंद्र सरकार ने घुमंतू समाज के उत्थान के लिए रेनके आयोग इदाते कमीशन बनाया और यह केवल विकास का ही दिखावा ही है. विभिन्न राज्य सरकारी घुमंतू जनजाति के विकास के लिए कई घुमंतू बोर्ड बनाती है ,फिर भी बोर्ड के बजट का एक भी पैसा या न तो खर्च करती है या घुमंतू समाज को दिया जाता है . घुमंतू समाज का मानव अधिकार ही छीन छीन लिया गया है. आज भी घुमंतू समाज में न तो बिजली पहुंची है ना तो संपर्क की की कोई सुविधा है. सेहत से संबंधित मेडिकल सुविधा का भी समय पर मिलना इन लोगों के लिए बहुत मुश्किल है. महाराष्ट्र में रायगढ़ जैसा एक ऐसा दुर्गम जिला है जहां पोलादपुर ,महाड ,पोलादपूर, मानगांव तहसील में स्थित कई घुमक्कड़ लोगों को हमेशा सेहत से संबंधित बीमारी के लिए मुंबई जाना बहुत कठिन होता है.प्राथमिक अस्पताल तो केवल और केवल दिखावा है और ऐसे लोगों को सेहत से संबंधित खतरनाक बीमारी के समय मुंबई तक जाने के लिए कोई परियोजनाएं भी नहीं होती और इस प्रकार ऐसे लोगों की दर्दनाक मृत्यु होती रहती है.

सुझाव

हमें हमेशा हर एक व्यक्ति के मानव अधिकार को उचित सम्मान देना चाहिए. घुमंतू समाज ने प्राचीन भारत से लेकर आज तक हमेशा भारतवर्ष में अच्छा योगदान दिया है .इसको हमें कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. हम बड़े-बड़े सीमेंट के

घरों में रहते हैं लेकिन ऐसे घुमंतू ,घुमक्कड़ लोग जो गरीबी की अवस्था से गुजर रहे उन लोगों के प्रति भी हमारे मन में प्रेम ,संवेदना और सहकार्य की भावना होना महत्वपूर्ण है . इन घुमंतू लोगों के मानवाधिकार की हमें रक्षा करनी चाहिए. उनकी कला को हमें नवाजना चाहिए .स्थाई आयोग का गठन करके घुमंतू समाज में से नेतागण चुने जाने चाहिए ताकि वह उस समाज का उचित विकास कर सकेंगे. आरक्षण से संबंधित विसंगतियों को भी हटाया जाना चाहिए. हमारे देश का भविष्य उज्जवल बनाने वाले राजनीतिक लोगों ने भी अपनी कुटिल राजनीति को एक तरफ रख के संविधानिक विकास के माध्यम से ऐसे घुमंतू ,गरीब समाज को हमेशा संरक्षण देना चाहिए ताकि वह सुरक्षित रह सके और अपना विकास कर सके. घुमंतू समाज के न्यायोचित अधिकार हमेशा मजबूत बनने चाहिए. घुमंतू समाज के बच्चों ,महिलाओं के साथ सार्वजनिक स्थानों में भेदभाव करना कानूनी अपराध माना जाना चाहिए. सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा घुमंतू समाज के प्रति जनता में जागरण करना बहुत ही महत्वपूर्ण है. विमुक्त घुमंतू समाज लोगों लिए विशेष अनुदान मुहैया कराना बहुत महत्वपूर्ण है. उनका स्वास्थ्य ,भूमि आवास के प्रति वनाधिकार ,उनका कौशल्य विकास, महिला सशक्तिकरण के प्रति हर भारतीय नागरिक ने मानवीयता अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है.

निष्कर्ष

स्वतंत्रता पूर्व से जन्मजात अपराधी बने इन घुमंतू समाज के प्रति आज के युग में हमें मानवीयता का रवैया अपनाते हुए आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के दरमियान हमें इस समाज के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए. वह भी इंसान है ,ऐसा हर एक भारतीय नागरिक ने विचार करना चाहिए. उनके जीने के ढंग को सुरक्षा देना, सुरक्षा प्रदान करना चाहिए. स्वतंत्रता पूर्व से लेकर आज तक उनके भारत के प्रति किए गए योगदान को हमें हमेशा स्मरण करते रहना चाहिए.विश्व मानवीय अधिकार ने भी हर विश्व के नागरिक के जीवन के न्यायोचित अधिकारों को सुरक्षित रखने का प्रावधान स्पष्ट किया है. भारत के हर एक नागरिक ने भी अपने देश के गठन में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले इन घुमक्कड़ घुमंतू समाज के जन समुदाय वाले लोगों के प्रति भी संवेदना रखते हुए उनके प्रति परोपकार सहकार्य की भावना रखनी चाहिए. पुणे गरीब कनिष्ठ समझकर ठुकरा ना गलत है. उन्हें चोर ,उचक्के समझ कर गांव सोसाइटी में प्रवेश निषिद्ध कर देना यह इंसानियत के खिलाफ है. हमें ऐसे लोगों के प्रति हमेशा मानवीयता पूर्ण व्यवहार करना चाहिए.

संदर्भ

1) इंटरनेट से प्राप्त जानकारी
2) क्रांतिवीर बनाम क्रिमिनल टाइप- 2015- प्रिंस प्रकाशन -बी.के .लोधी
3) समाचार पत्र -लोकसत्ता का लेख -
4) विमुक्त घुमंतू जनजातियों के लिए बनाए गए इदाते कमीशन की सिफारिशें..

"विमुक्त या घुमन्तू समुदाय : समाज एवं संस्कृति के सन्दर्भ में"

शेषांक चौधरी
शोधार्थी, हिंदी विभाग
हैदराबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय
ईमेल-
chaudharysheshank.brh2016@gmail.com

सारांश

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारे देश में जनविकास के कई सारे प्रक्रम शुरू किए गए। देश को तरक्की की राहों पर ले जाने के लिए कई उपक्रमों का गणेश हुआ। किसी भी देश की उन्नति व सर्वांगीण विकास ले लिए उसमें रहने वाले सभी समूहों, वर्गों का समान विकास हो यह अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। आजादी के बाद विकास की जो परिकल्पना की गई उसमें देश की घुमन्तू जनजाति के रूप में एक बहुत बड़ी आबादी की अवहेलना स्पष्ट रूप से रेखांकित की जा सकती है। उनका वैसा विकास नहीं हुआ जैसा वांछित था। इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है कि जहाँ सम्पूर्ण देश को १९४७ में आजादी प्राप्त हो गई थी, वहीं देश की एक बहुत बड़ी आबादी जो घुमन्तू समुदाय के रूप में थी; उसे ३१ अगस्त १९५२ को मुक्ति मिली। अंग्रेजी हुकूमत ने जिन कट्टर सशस्त्र विद्रोही समुदायों को 'क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट १८७१' के तहत 'जन्मजात अपराधी' घोषित कर दिया था; यह विद्रोही समुदाय घुमन्तू जनजातियों के ही थे। आजादी के पाँच वर्ष बाद ३१ अगस्त १९५२ को भारत सरकार ने इस बर्बर एवं भेदभाव पूर्ण कानून से घुमन्तू समाज के लोगों को मुक्ति दिलाई और इनको 'विमुक्त' घोषित किया गया। अंग्रेजों के भेदभावपूर्ण क़ानून के स्थान पर "हैबिचुअल ऑफेंडर एक्ट" लागू कर दिया गया। इसका अर्थ यह हुआ कि जो ब्रिटिश विद्रोही समाज १९५२ तक जन्मजात अपराधी माने जाते थे वे अब 'आदतन अपराधी' माने जाने लगे मगर उनके नाम के आगे 'विमुक्त' शब्द जोड़ दिया गया जिससे यह पता चले कि यह पहले अपराधी जनजाति के थे। बात यहीं नहीं खत्म होती है, इस समुदाय के अनेक वीर योद्धाओं ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उन्होंने अंग्रेजों को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर दिया। उन वीरों की दास्तान भी अब किसी को नहीं पता। अंग्रेजों तथा उनके चाटुकार इतिहासकारों की कुत्सित मानसिकता के कारण उनके संघर्ष को देश की आजादी के इतिहास में वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। इतिहास में स्थान मिलना तो दूर की बात, उन्हें इस बलिदान का सिला 'जन्मजात अपराधी' के संबोधन के रूप में मिला। इस बात का प्रमाण २००८ में भारत की संसद में एक 'एप्रोप्रिएशन बिल' की बहस के दौरान उड़ीसा के एक सांसद ब्रह्मानंद पांडा के वक्तव्य से मिलता है जिसमें उन्होंने जिक्र किया था कि - "उनके निर्वाचन क्षेत्र का 'लोधा समुदाय' जो वास्तव में स्वतंत्रता सेनानी थे, उन्हें आज भी समाज एवं शासन सत्ता में बैठे लोग 'जन्मजात अपराधी' ही मानते हैं।"[१] सांसद का उड़ीसा के लोधाओं के बारे में स्वातंत्र्य योद्धाओं संबंधी वक्तव्य देश कि अन्य घुमन्तू जनजातियों – 'गुर्जर', 'महावत', 'नट', 'सांसी', 'सहारिया', 'कबूतरा', 'बंजारा', 'धनगर', 'वडार', 'घिसाड़ी' आदि के समुदायों पर भी लागू होता है।

बीज शब्द : 'गुर्जर', 'महावत', 'नट', 'सांसी', 'सहारिया', 'कबूतरा', 'बंजारा', 'धनगर', 'वडार', 'घिसाड़ी'

प्रास्ताविक

अंग्रेजों के जाने के बाद स्वतंत्र भारत की सरकारों ने भी इनकी सुध नहीं ली। जिसका परिणाम है कि आज भी इस समुदाय के लोग अत्यंत नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। विमुक्त अथवा घुमन्तू समुदाय आज भी अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं को संरक्षित रखते हुए जीवन जीने के लिए संघर्षरत है। बदलते हुए आधुनिक परिवेश के साथ घुमन्तू जनजातियों के कुछेक लोगों ने थोड़ा-बहुत शिक्षा के महत्व को पहचाना है और शिक्षा ग्रहण कर थोड़ी-बहुत प्रगति की है; लेकिन बहुत-से घुमन्तू लोग आज भी वनों, पहाड़ों एवं गाँव-गाँव में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। देश की स्वतंत्रता के पाँच वर्ष बाद ब्रिटिश हुकूमत द्वारा

घुमन्तू वीरों को दिया गया 'जन्मजात अपराधी' का टैग भले ही सरकारी दस्तावेजों में खत्म हो गया हो; लेकिन सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर विमुक्त या घुमन्तू लोगों के साथ आज भी वही व्यवहार किया जा रहा है।

वर्ष २०११ की जनगणना के अनुसार भारत में विमुक्त या घुमन्तू समुदाय के लोगों की जनसंख्या १५ करोड़ है। जो अनुमानतः अब (२०२२) बढ़कर लगभग १९-२० करोड़ हो गई है। यह विशाल जनसमुदाय देश की आजादी के बाद भी आज तक सामाजिक न्याय से पूरी तरह वंचित एवं विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर रहा है। विमुक्त जातियों के साथ जो उपेक्षा सरकारों, यहाँ तक कि सामाजिक न्याय के ध्वजवाहकों ने की है वह वास्तव में चिंता एवं चिंतन का विषय है। शायर असराल-उल-हक़ मजाज़इन विमुक्त या घुमन्तू जनजातियों के दर्द को अपनी शायरी के अल्फाज़ों में पिरोते हुए फ़रमाते हैं-

"बस्ती से थोड़ी दूर, चट्टानों के दरमियाँ
ठहरा हुआ है, खानाबदोशों का कारवां
उनकी कहीं जमीन, न उनका कहीं मकां
फ़िरते हैं यूँ ही शामों-सहर ज़ेरे आसमां।"[२]

हमारे देश में लगभग ८४० विमुक्त या घुमन्तू जनजातियाँ हैं। देश की प्रमुख विमुक्त या घुमन्तू जनजातियों में – 'कलंदर', 'भवैया', 'कुचबन्दा', 'कलबेलिये', 'बंजारा', 'नट', 'पारधी', 'घिसाड़ी', 'वडार', 'धनगर', 'अगरिया', 'महाउत', 'आंध्र', 'लोधा', 'बिअर', 'बैगा', 'भामिया', 'दामोर', 'कोरकू', 'कंवर', 'मांझी', 'मवासी' आदि हैं। प्रत्येक घुमन्तू समुदाय की एक अलग ही विशिष्टता होती है, जो इनको अन्य घुमन्तू जातियों से अलग करती है। प्रत्येक घुमन्तू जाति की अपनी विशिष्ट भाषा, संस्कृति, पहनावा, रहन-सहन, न्याय पद्धति, वैवाहिक विधान, रीति-रिवाज होते हैं। घुमन्तू जातियों के समाज एवं संस्कृति को विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखें तो हम पाते हैं कि प्रत्येक घुमन्तू जनजाति की अपनी विशेषताएं हैं। उनकी इन्हीं विशेषताओं को रेखांकित करने का प्रयास मैंने किया है।

विमुक्त या घुमन्तू जनजाति समाज देवी-देवताओं के प्रति अत्यंत श्रद्धा भाव से पूरित होता है। इस समाज के लोगों का मानना होता है कि सारी समस्याओं की जड़ दैवीय प्रकोप होता है। अतः इस समुदाय के लोग स्वयं को दैवीय प्रकोप से बचाने के लिए अपने कुल के देवी-देवताओं की भांति-भांति विधियों से आराधना करते हैं। पूजा के दौरान पशु-बलि देने की प्रथा इस समाज में आज भी प्रचलित है। घुमन्तू समाज में प्रचलित बलि प्रथा के संबंध में डॉ. गणपत राठौर अपनी पुस्तक 'घुमन्तू जनजातियों का सांस्कृतिक अध्ययन' में पारधी विमुक्त जनजाति की बलि संबंधी मान्यताओं पर प्रकाश डालते हुए लिखते हैं कि - "पारधी लोग दशहरे के दिन कर्जा लेकर ही क्यों ना हो बलि देते हैं। कुछ भक्तोंगणों के शरीर में देवी माता का संचार होता है, तब वह कड़ाही के तपते तेल में से पूड़ियाँ हाथ से निकाल कर दिखाते हैं। माता की कृपा से उन्हें किसी प्रकार का जख्म नहीं होता। इतनी अटूट श्रद्धा देवी माता पर इस समुदाय के लोगों की होती है।"[३] अपने आराध्य देवी-देवताओं की आराधना करते समय घुमन्तू लोग विभिन्न प्रकार के आराधना-गीत गाते हैं। उदाहरण स्वरूप कुछ घुमन्तू जनजातियों के आराधना-गीत दृष्टव्य हैं -:

बंजारा समुदाय का तीज की देवी की आराधना का गीत -

"बाई ये तीज बोइ हम देववास
आयो करिए बाई देवी हमारे वास
बाई ये जीत बोइ हम देवीवास।"[४]

पारधी समुदाय का देवी माता की आराधना का गीत -

"मारा देवीनो मीने भंडार
आपण आपण देवी नौ मौजकरो
भंडार करो आपणा देवी नौ
गाणा कहो आपण पारधी

झी आपणी देवी बोकडावर
बैसिली झी आपणी देवी ।"[५]
वडार समुदाय का देवी माता की आराधना का गीत -
"येड बिंदयाल नेल तेच्ची
शिव पुजाल शेताम दारो
धरनम पुराल नरसिंगा
नवरतनाल तुरायी दारो
धरनम पुराल नरसिंगा ।"[६]

इस प्रकार हम देखते हैं कि घुमन्तू समाज में पूजा-पाठ का महत्वपूर्ण स्थान है । यह समाज अपने ऊपर आने वाली अदृश्य आपदाओं से निजात पाने के लिए अपने उपास्य की शरण में जाता है । और करे भी तो क्या करे, जब उनके अपने परिवेश के बाहर बसने वाले तथाकथित सभ्य समाज में या मुख्यधारा के समाज में जब उनकी कोई सुध लेने वाला ना हो, तब उसे इन्हीं अदृश्य शक्तियों का ही तो एकमात्र सहारा है । उनकी आराधना से प्राप्त विश्वास ही तो उनकी थाती है, जिसके बल पर वह अपने ऊपर आने वाली विपत्तियों से जूझने का संबल पाते हैं ।

घुमन्तू समाज के लोग अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों के अनुसार उत्सव और पर्व-त्यौहारों के प्रति बहुत ज्यादा प्रफुल्लित रहते हैं और इसकी अगवानी वे बड़ी गर्मजोशी से करते हैं । यह पर्व-त्यौहार ही वे अवसर होते हैं, जब वे अपनी ग़ुरबत से भरी जिंदगी से हर्ष के दो पल चुराकर व्यतीत करते हैं । यह त्यौहार ही होते हैं जिनके माध्यम से घुमन्तू समुदाय के लोग अपने-अपने समाज की विशिष्ट संस्कृति के सोते (स्रोत) को सूखने नहीं देते हैं । घुमन्तू समाज के लोग प्रायः सामान्य हिन्दू समाज में प्रचलित सभी त्यौहारों को मनाते हैं, परन्तु भिन्न-भिन्न घुमन्तू समुदायों में कुछेक त्यौहारों को विशेष मान्यता के साथ मनाया जाता है । मसलन बंजारा समाज को ही ले कर देखें तो - उसमें तीज, दीपावली और होली के त्यौहार विशेष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । इसी प्रकार वडार घुमन्तू जनजाति में - दशहरा, दिवाली, होली, नागपंचमी और रक्षाबंधन का त्यौहार विशेष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । कुछ एक ऐसी भी घुमन्तू जनजातियां हैं जिनके जीवन में शांति नहीं है और वे अभी तक अपने उत्पीड़न के चक्र से बाहर नहीं निकल पाई हैं । इसीलिए उनके समाज में त्यौहारों को न के बराबर मनाया जाता है । पारधी घुमन्तू समाज इसका प्रमाण है । इस समाज में त्यौहार न के बराबर मनाए जाते हैं । वर्तमान समय में अन्य समाजों के देखा-देखी इस समाज में भी कुछेक हिन्दू त्यौहारों के मनाने का चलन प्रचलित हुआ है । डॉ. गणपत राठौर इसी समाज के एक व्यक्ति के हवाले से अपनी पुस्तक में लिखते हैं कि - "हमारे समाज में केवल दशहरा त्यौहार मनाते हैं । इस त्यौहार में महाकाली जगदंबा देवी को पशु-बलि दी जाती है । बाकी त्यौहार दीवाली, रक्षाबंधन, होली यह अन्य समाज की ओर देखकर साधारण रूप में मनाए जाते हैं । बाकी पारधी समाज का कोई अपना महत्वपूर्ण त्यौहार नहीं है ।"[७] इसी प्रकार परदेसी घुमन्तू समाज के लोग नागपंचमी, रक्षाबंधन, हरितालिका तीज, दीपावली, होली आदि उत्सव मनाते हैं । धनगर घुमन्तू समाज के लोग विशेषतया नागपंचमी, लक्ष्मी पूजन, दशहरा, दिवाली एवं होली त्यौहार विशेष उत्साह के साथ मनाते हैं । ध्यातव्य है कि ये उत्सव एवं पर्व-त्यौहार ही हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के दर्पण होते हैं । ये हमें हमारी परम्पराओं, आदर्शों एवं मूल्यों से जोड़कर हममें एक नया उत्साह सृजित करते हैं । त्यौहारों के संबंध में हेमराज मीणा जी लिखते हैं कि - " संसार का सभ्य समाज या घुमन्तू जनजातियाँ सभी अपने रोजमर्रा के जीवन में अपने-अपने कर्मों एवं मेहनत, परिश्रम में व्यस्त रहते हैं । मानो हर कोई अपने भरण-पोषण के लिए संघर्ष करता हुआ दिखाई देता है । जब वह अपने जीवन से ऊब जाता है तो शांति की तलाश करता है और मनुष्य को शांति मात्र उत्सवों एवं पर्व-त्यौहारों से ही प्राप्त होती है ।"[८]

वेशभूषा अथवा पहनावे की दृष्टि से यदि हम विमुक्त या घुमन्तू समाज को देखते हैं तो हम पाते हैं कि इस समाज के वस्त्र-विन्यास पर इनके व्यवसाय की स्पष्ट छाप होती है । जैसे बंजारा समाज को देखें तो उनकी वेशभूषा में हम एक पृथक् संस्कृति के

दर्शन पाते हैं। बंजारा पुरुष धोती-कुर्ता पहनते हैं और सिर पर साफा बनते हैं। बंजारा स्त्रियाँ रंग-बिरंगे वस्त्र पहनती हैं। विशेष बात यह है कि ये बंजारन स्त्रियाँ अपने परिधान ; चोली, ओढ़नी और लहंगे को काँच के टुकड़ों से विशेष प्रकार से करीने से सजाकर तैयार करती हैं। बंजारन स्त्रियों का परिधान तो आजकल फैशन के रूप में प्रसिद्धि पा रहा है। पारधी घुमन्तू समाज का मुख्य व्यवसाय चूँकि आखेट पर जाना, पेड़ पर चढ़ना, आदि है; यही उनकी आजीविका का साधन है, यही कारण है कि यह जनजाति कम कपड़े पहनती है। पारधी पुरुष कुर्ता और एक छोटा कपड़ा माथे पर बांधते हैं तथा लंगोट पहनते हैं। अन्य घुमन्तू जनजातियों में जैसे - वडार, बंजारा, घिसाड़ी में पुरुषों में बड़ी-बड़ी रंगीन पगड़ी बांधने का चलन है। वैसा चलन पारधी जनजाति में नहीं दिखाई देता है। पारधी महिलाएं साड़ी-चोली पहनती हैं तथा हाथ, नाक, कान में मामूली धातुओं (चांदी,गिलट,रूबी आदि) के गहने पहनती हैं।

घुमन्तू समाज में न्याय व्यवस्था के निमित्त जाति पंचायतें होती हैं। पंचायत द्वारा दिया गया निर्णय समुदाय में सबको मान्य होता है। पंचायत में विवाह-विच्छेद, पति-पत्नी विवाद, अनैतिक संबंध, मारपीट एवं विवाह आदि संबंधी समस्याओं पर विचार किया जाता है। जो अपराधी है उसे दंड दिया जाता है। यदि कोई व्यक्ति जघन्य अपराध करता है तो उसे जाति से बहिष्कृत भी कर दिया जाता है। घुमन्तू समाज की जाति पंचायतों के बारे में डॉ. एस.जी.देवगांवकर लिखते हैं - "घुमन्तू समाज में एक विशेष बात दिखाई देती है कि अपराधी व्यक्ति को दंड देने के बाद उसे पुनश्च विधि द्वारा जाति में प्रवेश देने की उदारता भी पंचायत में है। अपराधी अपराध से मुक्त होने के बाद खुश होकर पंचायत के सदस्यों को मद्य-मांस का भोज देता है।"[९] वर्तमान समय में घुमन्तू समाज के कुछ लोग अपने आपसी विवादों का निपटारा कराने के लिए थानों व अदालतों की भी शरण लेने लगे हैं।

घुमन्तू समाज में सामान्यत: संयुक्त परिवार पद्धति ही प्रचलित है। इसका कारण है कि उनके व्यवसाय में सहयोग करने के लिए अधिक लोगों की आवश्यकता होती है, इसीलिए संयुक्त रूप से रहना इनके लिए हितकर होता है। यह बात सभी घुमन्तू समुदायों में देखी जा सकती है।

घुमन्तू समाज में एक बहुत बुरा व्यसन मद्यपान का बहुप्रचलित है। इस समाज में मद्यपान एक जरूरी पेय के रूप में हर उत्सव में शामिल होता है। अनादिकाल से यह लोग सुख-दु:ख हर परिस्थिति में शराब पीते रहे हैं। विवाह, पंचायत, सभा, मृत्यु-संस्कार, धार्मिक-विधि, व दिन-भर काम करने के बाद शाम के समय इन लोगों को मदिरा अवश्य चाहिए। इनके समाज में यदि किसी की मृत्यु हो जाती है तो यह लोग शराब पीकर उसकी अंत्येष्टि-क्रिया में शामिल होते हैं। मृतक की अंत्येष्टि-विधि के पश्चात सभी लोग मृतक के घर इकट्ठा होकर खूब शराब पीते हैं और शोक मनाते हैं। घुमन्तू समाज के लोगों के परिश्रम की कमाई का अधिकतम भाग उनके शराब पीने में ही चला जाता है। यह शराब ही उनके आज तक गुरबत में जीने की सबसे बड़ी वजह है। उनकी हाड़-तोड़ मेहनत की जिस कमाई को उनके बच्चों की शिक्षा, उनके परिवार के स्वास्थ्य और भोजन-पानी पर खर्च होना चाहिए था, वह उनके शराब पीने कि लत पर स्वाहा हो जाता है।

विमुक्त या घुमन्तू समाज में अंधविश्वासों की बड़ी रूढ़ कुरीति प्रचलित है। अनपढ़ होने के कारण कर्मकांड, भूत-पिशाच, टोने-टोटके आदि में इस समाज के लोग अत्यधिक विश्वास करते हैं। अपनी आराध्य कुल-देवियों को प्रसन्न करने के लिए अपने पास पैसा ना होने पर कर्ज लेकर बकरे की बलि चढ़ाना, मांसाहार करना, शराब पीना आदि इनके अंधविश्वास ही हैं। इस तरह के कर्मकांडों में ये घुमन्तू जनजातियाँ अपने पैसों का अपव्यय करती हैं। यह उनके पिछड़ेपन का बहुत बड़ा कारण है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि विमुक्त या घुमन्तू समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियों का अंबार लगा हुआ है। इसका मुख्य कारणों में इनकी ओर समाज की मुख्यधारा के लोगों की उपेक्षाभरी दृष्टि, सरकारों की इनके विकास के प्रति उदासीनता और इनका अशिक्षित होना है। इतना उपेक्षित होने के बावजूद यह समाज सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। यह समाज अपनी संस्कृति, परम्पराओं और रीति-रिवाजों को लेकर सजग है और उनके संरक्षण हेतु तत्पर है। समाज के कुछेक लोग अब शिक्षा ग्रहण कर समाज की मुख्यधारा में अपना योगदान दे रहे हैं। विमुक्त या घुमन्तू समाज सदा ही राष्ट्र व समाज की सेवा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को उद्यत रहने वाला समाज रहा है। अगर सरकारें इस समाज के विकास की ओर थोड़ा ध्यान दें तो यह समाज

विकसित होकर देश के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। शोलापुर के एक कवि 'नागनाथ विट्ठलराव गायकवाड़' अपनी एक कविता के माध्यम से बदलाव के लिए विमुक्त या घुमन्तू समाज के लोगों का आह्वान करते हुए लिखते हैं –

"उठ मेरे विमुक्त भाई
अपनी दुनिया है ही निराली, पैदा होते ही हम अपराधी
न गाँव, न घर, न जंगल, न कोई हक़, कहाँ के हम शिकारी
उठ मेरे विमुक्त भाई
गुलामी कि जंजीरों से बाहर निकल
क्रान्ति की फैली है किरण
संघर्ष कर
न्याय मिलेगा, आज नहीं तो कल।"[१०]

सन्दर्भ सूची -

1. http://thewiewhindi.com/72001/denotified-tribes-nomadic-tribes-india-govt-criminal-tribes-act/
2. https://sablog.in/denotified-nomadic-sami-nomadic-tribes-and-literature/14536/
3. घुमन्तू जनजातियों का सांस्कृतिक अध्ययन, डॉ. गणपत राठोड, पूजा पब्लिकेशन कानपुर- २०८०२१, प्रथम संस्करण, पृष्ठ संख्या ४४-४५
4. वही, पृष्ठ संख्या ६८
5. वही, पृष्ठ संख्या ४५
6. वही, पृष्ठ संख्या ५०-५१
7. वही, पृष्ठ संख्या ७८
8. बंजारा जाति : समाज और संस्कृति, डॉ. यशवंत जाधव, पृष्ठ संख्या ११०
9. महाराष्ट्रातीलजाती, डॉ.एस.जी. देवगांवकर, पृष्ठ संख्या ३५८
10. https://sablog.in/denotified-nomadic-sami-nomadic-tribes-and-literature/14536/

मराठी लोक-संस्कृति के प्रचार-प्रसार में घुमंतू जातियों का योगदान

*** संतोष वसंत कांबले**
पीएच.डी. शोधार्थी (हिंदी)
कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगाँव
मोबाईल क्रमांक- ८१२५९ ८११९४
ई-मेल : shreyashju@yahoo.co.in

**** पूनम शर्मा**
पीएच.डी. शोधार्थी (हिंदी),
उच्च शिक्षा और शोध संस्थान,
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा मद्रास
त्यागराय नगर, चेन्नै- ६०० ०१७

सारांश

'वसुधैव कुटुंबकम्' की संज्ञा प्राप्त हमारा भारत वर्ष विभिन्नता में एकता को अपने में समाहित किए हुए है | भारत भूमि ऐसी पावन भूमि है जहाँ विभिन्न रंग-रूप, वेश-भूषा, धर्म-जाति तथा समुदाय व संस्कृति को मानने वाले लोग भाई-चारे व समन्वय की भावना के साथ निवास करते हैं |

भारत के विभिन्न राज्यों में भिन्न-भिन्न संस्कृतियों के दर्शन हमें अनायास ही प्राप्त हो जाते हैं जिन सभी का अपना अलग-अलग इतिहास एवं उद्देश्य है | इनमें से महाराष्ट्र राज्य की मराठी लोक-संस्कृति का वैशिष्ट्य अपने में अनुपम सौंदर्य को धारण करने के कारण महत्वपूर्ण है जिसकी लोक-संस्कृति के सौंदर्य का प्रदर्शन वहाँ पायी जाने वाली विभिन्न मराठी घुमंतू जातियों के द्वारा प्रकट होता है |

बीज शब्द : वसुधैव कुटुंबकम्, घुमंतू, गोंधली, नागमंत्री,

इन प्रमुख मराठी घुमंतू जातियों में से कुछ जातियाँ इस प्रकार से हैं –

गोंधली-

मराठी घुमंतू जाति के अंतर्गत केवल जाति से गोंधली लोगों के द्वारा ही गोंधल का आयोजन किया जाता है | गोंधल मराठी लोक-संस्कृति एवं लोक-जीवन का अत्यंत महत्त्वपूर्ण भाग है | इसके द्वारा देवी-देवताओं की उपासना एवं पूजा को रखा जाता है तथा परिवार व समाज में शुभ-कार्यों के अवसर पर गोंधल का आयोजन किया जाता है | गोंधल के अंतर्गत तुलजाभवानी और रेणुका जैसी दो देवी-शक्तियों की उपासना की जाती है तथा उनके प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए उपासना कार्य किया जाता है | गोंधली के महात्म्य का उल्लेख हमें नामदेववादी संत परंपरा व महानुभव संत परंपरा में भी देखने को मिलता है |

गोंधली के आयोजन हेतु केवल जाति के गोंधली लोगों का होना अनिवार्य हैं क्योंकि इसके लिए परंपरागत प्रथानुसार दीक्षा लेना अनिवार्य होता है | गोंधली की वेश-भूषा अनुपम होती है | जिसके अनुसार गोंधली जाति व लोक-संस्कृति को अपनाने वाले लोग गले में कवडियों की माला धारण करते हैं | कवड़ी अर्थात देवी द्वारा संहार किए गये असुरों के शीश का प्रतीक चिह्न | गोंधल जाति द्वारा किये जाने वाले गोंधल क्रिया को बड़े विधि-विधान द्वारा पूर्ण किया जाता है | जिसके लिए रात भर जागकर नीतिपरक गीत गाकर लोगों को उपदेश देने का कार्य संपन्न किया जाता है | गोंधल की संरचना भी वैशिष्ट्यपूर्ण ढंग से होती है जिसके लिए गोंधली को कमरे के मध्य भाग में एक चौरंग पर नया वस्त्र रखकर उस पर चावल के दानों द्वारा चौक पूरा जाता है | चौके के चारों कोनों पर चार एवं मध्य में खोपरा रखा जाता है | चौक के मध्य में कलश स्थापित किया जाता है तथा कलश के ऊपर आम के पत्ते अथवा पान के पत्तों को रखकर उनके ऊपर नारियल स्थापित किया जाता है तत्पश्चात यजमान के द्वारा देवी की स्थापना कर पूजा-अर्चना का कार्य किया जाता है इसके लिए यजमान चौरंग के आगे पाँच पत्तल रखकर उस पर चावल डालता है तथा आटे द्वारा निर्मित दीपक रखता है | चौरंग के चारों तरफ गन्ने खड़े किए जाते हैं तथा बीचोंबीच फूलों की माला बाँधकर कलश के ऊपर स्थापित नारियल को माला पहनाई जाती है | गोंधल में मशाल की आवश्यकता होती है |

प्रत्यक्ष रूप से गोंधल की शुरूआत करने से पहले गण गाकर देवी जगदंबा को याद किया जाता है तत्पश्चात समस्त देवी-देवताओं को गोंधल के लिए आमंत्रित किया जाता है-

"तुलजापुर की माता गोंधल को आ जाओ,

कोल्हापुर की लक्ष्मी गोंधल को आ जाओ,
माहुर की रेणुका माता गोंधल को आ जाओ,
गोंधल सजाया गोंधल को आ जाओ |"[1]

गोंधल के प्रथम भाग में देवी की प्रशंसा की जाती है | देवता प्रतिस्थापना, पूजा, गण, गवलण, आमंत्रण और नमन के बाद अंतरंग प्रारंभ होता है | इसमें आख्यान प्रस्तुत किया जाता है तत्पश्चात आरती की जाती है तथा गोंधल समाप्त होता है |

गोंधल के अंदर मुख्य गोंधली गीत एवं कथा के माध्यम से मनोरंजन एवं जीवन यापन के उपदेशों से युक्त गीत गाये जाते हैं तथा गीत के मध्य ही प्रश्न पूछकर गोंधल को गति प्रदान करने का कार्य सहायक गोंधली तथा संबल एवं तुणतुणे बजाकर करते हैं |

गोंधली जब आख्यान बताता है तब आख्यान में रंग भरने के लिए वर्तमान में घट रहें प्रसंगों का भी वर्णन प्रस्तुत किया जाता है | महाराष्ट्र के अनेक घराणों में मातृदेवी के नाम से गोंधल डालने की प्रथा रही है | गोंधल की प्रत्येक विधि में महिलाएँ भी अपना योगदान प्रदान करती हैं | गोंधली जिन आख्यानों में कथा प्रस्तुत करता है उसका श्रवण ध्यानपूर्वक किया जाता है गोंधली जो कुछ गाता व बताता है व अत्यंत ज्ञानवर्धक तथा मनोरंजन पूर्ण होता है |

पौराणिक एवं पारंपरिक आख्यान को नाट्यरूप में प्रस्तुत किया जाता है | कभी-कभी विषय से भटक जाने पर विषयांतर भी किया जाता है | गोंधली के गीतों का मुख्य उद्देश्य आध्यात्म तथा उपदेशपरक नीति-वचन को गा-गाकर जन-समाज तक पहुँचाना है |

नागमंत्रियों के भजन

मराठी लोक-संस्कृति के अंतर्गत एक प्रमुख जाति के रूप में नागमंत्री जाति मानी गई है | मराठवाडा में नागमंत्री जाति का प्रमुख कार्य सर्प का विष उतारना माना जाता है | सर्प-विष उतारने हेतु एक विशिष्ट विधि को अपनाया जाता है जिसके अंतर्गत सर्पदंश होने पर व्यक्ति पर विष के प्रभाव को जानने के लिए उस व्यक्ति विशेष को हरी मिर्च या नीम की पत्तियाँ खाने के लिए दी जाती हैं | विषबाधा हुई है या नहीं इसके द्वारा ज्ञात होता है यदि विषबाधा हुई है तो नागमंत्री द्वारा विशिष्ट चाल पर भजन गाकर विष उतारा जाता है | इन भजनों को 'बाण्या के भजन' की संज्ञा भी प्रदान की जाती है | इन भजनों को गाते समय नागमंत्री द्वारा कुछ तांत्रिक क्रियाएँ भी पूर्ण की जाती हैं | नागमंत्री द्वारा मंत्रों के उच्चारण के साथ-साथ औषधियों तथा वनस्पतियों का भी उपयोग किया जाता है |

बाण्या गाने से पहले खोपरा, नारियल, नींबू, सिंदूर, कर्पूर, शक्कर, दूध, गुलाल, गोमूत्र, नीम की टहनी एवं पाँच धानों की आरास की जाती है उसके ऊपर कलश तथा नागवेली के पत्ते एवं फूल रखें जाते हैं |"[2]

भजन गाना शुरू करने से पहले एक नमन गीत गाया जाता है | इसमें पंद्रह नमन होते हैं जिसमें अंतिम नमन श्रीकृष्ण को किया जाता है | बहुत से भजन मंत्ररूप में होते हैं | लोगों का मानना है कि इस भजन को गाने के समयांतराल में जिस व्यक्ति को सर्पदंश हुआ है उसके शरीर में साँप का संचार होता है तथा विष का असर समाप्त होता है | इस भजन को गाने के लिए नागमंत्री का होना अति आवश्यक है क्योंकि विष उतारने की इस क्रिया के लिए अलग से साधना करनी पड़ती है |

इस प्रकार नागमंत्रियों की आवश्यकता तथा उनकी इस कला को समाज में मराठी घुमंतू समुदाय के द्वारा प्रसारित किया जा रहा है जो अपनी सेवा द्वारा समाज की भलाई करते हैं तथा दान में प्राप्त हुई वस्तुओं से अपनी अजीविका चलाते हैं |

भेदिक- भेदिक को शाहिरी काव्य का भाग भी माना जाता है | मराठी घुमंतू जाति के अंतर्गत इस जाति द्वारा मराठी लोक-जीवन में व्याप्त लोक-संस्कृति तथा लोकरंजन, लोक-प्रबोधन तथा धार्मिक आराधना में अपनी अहम् भूमिका का निर्वाहण किया गया है | भेदिका शाहिरी को लोक प्रकटन संस्था के रूप में जाना जाता है |

ग्राम देवता हेतु आयोजन में तथा उरूस के संदर्भ में कलगीतुरा आयोजित किये जाते हैं जिसमें विभिन्न जातियाँ व स्तर के लोगों द्वारा भेदिक गाये जाते हैं | विभिन्न वाद्य यंत्र जैसे ड़फ और तुणतुणे की सहायता से सामान्य जन को समझ आने योग्य भाषा में आध्यात्मिक बातें बताई जाती हैं | कलगी पक्ष के शाहिर शक्ति के उपासक होते हैं तथा तुरा पक्ष के शाहिर शिव के उपासक होते हैं | उनकी आमने-सामने स्पर्धा होती है जिसके अंतर्गत कूट प्रश्न पूछे जाते हैं | यह प्रशन-उत्तर का कार्यक्रम कभी-कभी दो-चार दिन की अवधि तक भी आयोजित किया जाता है |

भेदिक सादर करते समय सर्वप्रथम गणपति की स्तुति करते हैं | एक प्रधान शाहिर ड़फ लेकर आगे गाता है तथा अन्य साथी अपने वाद्य यंत्रों के साथ-साथ उसका सहयोग करते हैं | आध्यात्मिक कथा के गायन के पश्चात कथात्मक तथा रंजनात्मक आख्यान गाये जाते हैं जिन्हें 'ऐकीव' कहा जाता है | ऐकीव के विशिष्ट्य की महत्ता उसके अंतर्गत पात्रों के सजीव प्रदर्शन, संघर्षपूर्ण नाट्य, करूणापूर्ण विविध भावना, अप्रतिम निवेदन कौशल, अद्‌भुत वातावरण रंजकता, हास्य-विनोद तथा कहीं-कहीं अतिश्योक्तिपूर्ण घटना प्रसंगों द्वारा मानी जाती है |

भेदिक द्वारा भेद् अर्थात रहस्य जो सामान्य जन को ज्ञात न हो उन्हें भेदिक लावणी के प्रयोग द्वारा उजागर किया जाता है जिसके लिए गायन विधि को अपनाया जाता है | रचना गायन के अंत में शाहिर अपना नाम बताता है | यह रचना सामूहिक न होकर प्रमुख भेदिक द्वारा प्रस्तुत की जाती है जिसके कारण इसका समावेश सामूहिक लोकगीतों में नहीं होता | इन गीतों द्वारा मराठी लोक-संस्कृति को गीतों के माध्यम से भेदिक स्थान-स्थान पर प्रचारित-प्रसारित करते हैं |

शाहिरी (लावणी-पोवाडा)-

शाहिरी वाड़मय का निर्माण सन् १६८० से १८०० के बीच माना जाता है | १६८० से १७०७ तक के २७ वर्षों के समयान्तराल में उत्तर भारत से आए हुए सैन्य मराठी सल्तनत में शामियाना डाल कर अस्थायी रूप से रहने लगे थे | इसलिए उत्तर भारतीय सेनाएँ ऐय्याषी और रंगीले बनने लगे थे सैनिकों द्वारा अपने मनोरंजन हेतु आस-पास के गाँवों से नाचने-गाने वाले लोगों के गुट बनाए | इस समय महाराष्ट्र प्रांत में गोंधली, डवरी, कोल्हाटी आदि गाने-बजाने वाले लोगों के समूदाय थे | इन विभिन्न घुमंतू जनजातियों में अनेक कलाकारों का जन्म हुआ जिनके द्वारा 'शाहिरी' कविता का उत्कर्ष हुआ |

वर्तमान समय में जो शाहिरी काव्य हमें उपलब्ध होता है वह पानीपत के युद्ध के बाद का है | उसमें मराठी लोक-संस्कृति का इतिहास तथा मराठों की वीरता एवं स्वाभिमान का बहुत सुंदर वर्णन उपलब्ध होता है जिसके अंतर्गत इतिहास में वर्णित बाजीराव की मृत्यु के पश्चात भले ही पराक्रम मे क्षति दिखाई पड़ती है परंतु तत्पश्चात भी उनका मर्दानी वाणा दिल को संतोष व मन को शांति प्रदान करने में सक्षम सिद्ध हुआ | पोवाडा को लावणी की जोड़ प्राप्त हुई | वीरश्री, विलास, समाज-जीवन, धार्मिक विधि, परंपरा, लोक-जीवन एवं लोक-संस्कृति का सुंदर दर्शन हमें मराठी शाहिरी काव्य द्वारा प्राप्त होता है |

शाहिरी वाड़मय को मराठी वाड़मय में स्वतंत्र दर्जा प्रदान किया गया है | इसके द्वारा मुस्लिम आक्रमण के पश्चात अरबी, फारसी भाषा के सामान्य जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को भी दर्शाया गया है |

निष्कर्ष-

ये सभी घुमंतू जनजातियाँ अपने शौक के लिए नहीं घूमती थी बल्कि उनका व्यवसाय व अजीविका का साधन ही भ्रमण पर आश्रित था | तमाम घुमंतू जनजातियों और इनके पारंपरिक व्यवसायों के विषय में जो जानकारी प्राप्त होती है तदानुसार 'बँजारे' पशुओं पर माल ढोने (मुख्यतः नमक और मुल्तानी मिट्टी) का काम किया करते थे, 'गाडिया-लुहार' जगह-जगह जाकर औजार बनाते तथा बेचते थे, 'बावारिये' जानवरों का शिकार और उनके अंगों का व्यापार करते थे, 'नट' नृत्य और करतब दिखाते थे, भोपा स्थानीय देवताओं के आख्यान गाते थे, सिकलीगर हथियारों में धार लगाते थें, 'सिंगीवाल; हिरन के टूटे हुए सींगों से लोगों का इलाज करते थे और इन्हें प्राकृतिक औषधियों का ज्ञाता समझा जाता था | 'कुचबंदा' मिट्टी के खिलौने बनाते थे, 'कलंदर' भालुओं और बंदरों के करतब दिखाते थे, 'ओढ़' नहर बनाने और जमीन को समतल करने का काम करते थे | 'जागा' लोगों की

कई पीढ़ियों का ब्यौरा रखते थे और जजमानी में जगह-जगह जाते थे, 'बहरूपिये' और 'बाजीगर' हाथ की सफाई द्वारा लोगों का मनोरंजन करते थे |

इनके द्वारा चाहे कोई भी व्यवसाय अपनाया गया परंतु इन मराठी घुमंतू जातियों के द्वारा अपनी लोक-संस्कृति तथा लोक-जीवन की महक अन्य प्रांतों तथा क्षेत्रों में उसके वैशिष्ट्य व मोहक रूप को प्रदर्शित करती नज़र आती है जिसके फलस्वरूप मराठी संस्कृति की अनोखी व अनुपम छवि सबको अपनी तरफ आकर्षित करने में समर्थ सिद्ध होती है |

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. कांबले संतोष, मराठी लोक-संस्कृति के उपासकों के गीत, स्रवंति, वर्ष-६४, अंक-३, जून- २०१९

विमुक्त घुमंतू नारियों की दशा और दिशा

